हालांकि, एनआईसीएसआई ने डीओटी को 4 बैंक गारंटी (बीजी) जमा की थी जो कुल 92 लाख रु., समय–समय पर नवीनीकृत किया गया था। एनआईसीएसआई ने दिनांक 10.08.2020के पत्र के माध्यम से, दिनांक 09.11.2020के अनुस्मारक के साथ इन सभी बीजी को वापस करने के लिए डीओटी के समक्ष मामले को उठाया था। प्रत्युत्तर में, कार्यालय प्रधान सीसीए, दूरसंचार विभाग, के पत्र सं. 50–4 / 2018–स्पष्टीकरण और नियम / प्रधान सीसीए / दिल्ली / 1413 दिनांक 05.02.2021, ने डीओठी (एलएफपी डिवीजन) से गैर–दूरसंचार पीएसयू के संबंध में एलएफ / एसयूसी के पुनर्मूल्यांकन के लिए दिशानिर्देश जारी करने का अनुरोध किया था, क्योंकि डीओटी द्वारा उठाई गई मांग को इसके आदेश संख्या 12–25 / 2019–एलएफपी दिनांक 13.07.2020 के तहत वापस ले लिया गया था। एनआईसीएसआई ने डीओटी को दिनांक 11.03.2021, 27.05.2021, 22.06.2021, 22.07.2021, 09.08.2021, 13.09.2021, 22.11.2021, 08.03.2022 और 21.04.2022 को लिखे पत्र के माध्यम से अनुस्मारक जारी किए हैं लेकिन कोई प्रगति नहीं हुई है और बीजी अभी भी डीओटी के पास है। इस संदर्भ में, एमईआईटीवाई के सचिव ने डीओटी के अध्यक्ष और डीसीसी एवं सचिव को दिनांक 13.05.2022 को डीओ पत्र भी लिखा है।

48. नेशनल डेटा सेंटर परियोजनाओं पर आय / व्यय

नेशनल डेटा सेंटर, शास्त्री पार्क, दिल्ली को एमईआईटीवाई और एनआईसी से वित्तीय सहायता से स्थापित किया गया था और जुलाई, 2011 में चालू हो गया था। स्थायी वित्त समिति के अनुमोदन के अनुसार, एनआईसीएसआई को प्रारंभिक 2 वर्षों के लिए प्रति वर्ष 800 लाख रु. की दर से परिचालन व्यय वहन करना था। अपने परिचालन व्यय को पूरा करने के लिए, एनआईसीएसआई को आवंटित 60 रैक से आय प्राप्त करनी थी जबकि एनआईसीएसआई ने 2 वर्षों के बाद भी उस पर परिचालन व्यय को पूरा करना जारी रखा था, एमईआईटीवाई ने मंजूरी दे दी थी कि 01–04–2014 से, एनआईसीएसआई राष्ट्रीय डेटा सेंटर, शास्त्री पार्क, दिल्ली पर परिचालन व्यय के मद में 800 लाख रु. तक, किराया एवं रखरखाव / बुनियादी अवसंरचना ओएंडएम जनबल के मद में, वहन करेगा और एनआईसी अपने बजटीय प्रावधान से एनआईसीएसआई को बिजली एवं डीजल शुल्क / भौतिक सुरक्षा एवं हाउसकीपिंग शुल्क / जल शुल्क / रसद सहयोग / आकस्मिक शुल्क, इन सभी शुल्कों के 3% तक, की प्रतिपूर्ति करेगा, आरंभ में इन खर्चों को एनआईसीएसआई द्वारा किए जाने के बाद। भुवनेश्वर में नेशनल डेटा सेंटर बनाने के बाद एनआईसीएसआई और एनआईसी ने संचालन और प्रबंधन की व्यवस्था के लिए काम किया और साथ ही, नेशनल डेटा सेंटर, शास्त्री पार्क, दिल्ली के लिए भी काम किया। एनआईसीएसआई के निदेशक मंडल ने 27.12.2018 को आयोजित अपनी 108वीं बैठक में, इन पर विचार किया और 01 अप्रैल 2018से पूर्वव्यापी प्रभाव से निम्नानुसार अनुमोदित किया थाः –

- एनआईसीएसआई शास्त्री पार्क और भुवनेश्वर डेटा सेंटरों के लिए अलग परियोजना पूल अकाउंट बना सकती है।
- इन दोनों डेटा सेंटरों पर सहदृस्थान सेवाओं के माध्यम से होने वाली आय प्रस्तावित परियोजना मदों के तहत जमा किया जाएगा।

- आय का उपोग इन दोनों डेटा केंद्रों पर ओएंडएम व्यय और बुनियादी ढांचे के विकास के लिए किया जाएगा।
- एनआईसीएसआई द्वारा शास्त्री पार्क से सहदृस्थान सेवा हेतु उपयोग में लाए जा रहे वर्तमान 60 रैकों के अलावा आने वाले वर्षों में एनआईसी ओएंडएम व्यय को पूरा करनेके लिए पर्याप्त धन जुटानेऔर बुनियादी ढांचे के उन्नयन हेतु और रैक्स लगवा सकती है।
- वित्त वर्ष 2018–19 और उसके बाद से शात्री पार्क में ओएंडएम व्यय के लिए एनआईसीएसआई प्रति वर्ष 800 लाख रु. खर्च नहीं करेगी। एनआईसी द्वारा शामिल किए जाने वाले कथित 60 और उससे अधिक रैक से होने वाली आय का उफयोग ओएंडएम व्यय को पूरा करने और बुनियादी ढांचे के उन्नयन में किया जाएगा।
- एनआईसीएसआई वित्त वर्ष 2018–19 और उसके बाद से कथित ओएंडएम व्यय पर बोर्ड के अनुमोदन के अनुसार अपना 7% संचालन मार्जिन और कर लेगी।

एनआईसीएसआई ने राष्ट्रीय एनडीसी–एसपी और भुवनेश्वर में तदनुसार वित्तीय वर्ष 2021–22 में अपनी आय और व्यय को दर्ज किया।

एनआईसीएसआई के निदेशक मंडल ने 29.07.2020को आयोजित अपनी 114वीं बैठक में एनआईसी से एक निदेशक देने और उनसे एनडीसीदृएसपी और भुवनेश्वर में हुए व्यय और आय के बीच घाटे (क्लाउड को छोड़कर) को पूरा करने संबंधी आइटम को बारे में विचार देने का अवुरोध किया था। मामला अभी विचाराधीन है।

49. अनुदान परियोजनाओं में अनुदान की अप्रयुक्त निधि पर ब्याज

एनआईसीएसआई ने वित्त वर्ष 2021–22 में जीआईए परियोजनाओं में ब्याज दरों के अनुसार वास्तविक आधार पर काम किया है, जिस पर एनआईसीएसआई ने वर्ष में और वित्त वर्ष 2021–22 में एफडी बनाई थीः

₹ लाखो में

अवधि	एनकेएन परियोजना	अन्य जीआईए परियोजना	कुल
वित्त वर्ष 2020–21 के लिए	28.97	190.30	219.27
वित्त वर्ष 2021–22 के लिए	8.97	267.10	276.07

50. जीआईए परियोजनाओं में ब्याज वापसी पर पीएंडटी लेखापरीक्षा कार्यालय से ड्राफ्ट ऑडिट पैरा

वित्त वर्ष 2011–2012 तक, कंपनी अनुदानकर्ता संस्थान से परियोजनाओं के निष्पादन के लिए प्राप्त राशि को सहायता प्राप्त अनुदान के रूप में मानने के बजाय 'ग्राहक से प्राप्त अग्रिम' के रूप में मान रही थी और तदनुसार, अनुदानकर्ता संस्थान को अप्रयुक्त निधि पर कोई ब्याज नहीं दिया गया था।

निदेशक मंडल ने दिनांक 21–12–2011, को हुई बैठक के द्वारा सहायता परियोजनाओं में अनुदान में उपलब्ध अनुपयोगी निधि पर अर्जित ब्याज की गणना और वापसी के लिए सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के बचत बैंक खातों में लागू ब्याज दर के अनुसार समय–समय पर मंजूरी दी थी। तदनुसार, कंपनी ने अनुदाता संस्थान को ब्याज की राशि की गणना और वापसी की थी यानि सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में बचत बैंक खातों में लागू ब्याद दर जबकि अनुदानकर्ता संस्थान द्वारा निर्धारित नियमों और शर्तों के अनुसार, सहायता परियोजनाओं में अनुदान के अप्रयुक्त शेष पर अर्जित वास्तविक ब्याज वापस किया जाना है। अनुदानकर्ता विभागों ने वित्त वर्ष 2016–17 तक व्यक्तिगत परियोजनाओं में जमा ब्याज को स्वीकार कर लिया है और इनमें से अधिकांश परियोजनाएं पूरी हो चुकी हैं और उनके खातों का निपटारा हो चुका है। फिर भी, कंपनी द्वारा सरकार को जीआईए परियोजनाओं में ब्याज की कम वापसी के लिए कैग कार्यालय से एक पैरा जारी किया गया है। एनआईसीएसआई ने इस पारा का उत्तर दिया था और यह अभी भी नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक कार्यालय के विचाराधीन है।

इस बीच, निदेशक मंडल ने 28.03.2017 को हुई अपनी 100वीं बैठक में इस मामले पर फिर से विचार किया और एनआईसीएसआई को वास्तविक आधार पर सहायता अनुदान परियोजनाओं पर ब्याज वापस करने की सलाह दी।

तदनुसार, वित्त वर्ष 2018–19में, एनआईसीएसआई ने जीआईए परियोजनाओं में वास्तविक आधार पर ब्याज दरों के अनुसार काम किया है, जिस पर एनआईसीएसआई ने अतीत में एफडी की थी और उसके आधार पर 31.03.2018 तक की अवधि के लिए संबंधित परियोजना

के प्रत्येक खाता बही में अंतर ब्याज प्रदान किया है, कुल 4766.01 लाख रु. (यानि एनकेएन परियोजना में 1414.74 लाख रु. और अन्य जीआईए परियोजनाओं में 3351.27 लाख रु.)।

एफएंडसी लेखापरीक्षा कार्यालय ने, पत्र सं. एएमजी–II/प्रति. पीएसयू/डीएपी/9993/एनआईसीएसआई/डी–2024 दिनांक 14.01. 2020, के माध्यम से, एनआईसीएसआई को "सहायता परियोजनाओं में अनुदान नियंत्रण नियमों और शर्तों के गैर अनुपालन के कारण हुए 26.36 करोड़ रु. की हानि और 78.38 करोड़ रु. की देयता को कम कर बताने परश्श ड्राफ्ट ऑडिट पारा (डीएपी) दिया। लेखापरीक्षा जांच से यह पता चला है कि, एनआईसीएसआई ने बीते वर्षों में अपनी जीआईए ब्याज आय पर भुगतान किए गए कॉरपोरेट टैक्स में कटौती की है और अंतर ब्याज की वापसी करते हुए, उसने पहले से भुगतान किए गए कॉरपोरेट टैक्स में कटौती की है और इसलिए कॉरपोरेट कर की वापसी के संबंध में मामले को सीबीडीटी/आयकर विभाग के समक्ष रखा जाना चाहिए। एनआईसीएसआई ने इनके दिनांक 04.12.2019 को भेजे ऑडिट मेमो सं. 12का उत्तर दिनांक 09.12.2019 को दिया , साथ ही दिनांक 12.06.2020 को लिखे पत्र के माध्यम से एनआईसीएसआई ने एफएंडसी लेखापरीक्षा कार्यालय को सूचित किया कि चूंकि कॉरपोरेट कर का भुगतान भारत सरकार को किया जाता है, यानि आयकर विभाग को वित्त वर्ष 2012–13से किया जा रहा है, इसलिए इसने मामले को आयकर विभाग के समक्ष प्रस्तुत नहीं किया क्योंकि एनआईसीएसआई को कॉरपोरेट कर की वापसी के बाद भी, इसे भारत सरकार (यानी अनुदानकर्ता विभागों) को फिर से वापस करना होगा। हालांकि, वित्त वर्ष के लिए एनआईसीएसआई के खातों पर वित्त वर्ष 2019–20, कैग संगठन (पीडीए, एफएंडसी), पत्र सं. रेप–एफए/एफ–255/एनआईसीएसआई/2019–20/416 दिनांक 13.11.2020 ने खातों को अधिक स्पष्ट और पारदर्शी बनाने के लिए "एनआईसीएसआई फंड और जीआईए फंड पर अर्जित ब्याज को अलग करने के लिए उचित तंत्र"की ओर इसारा किया था।

51. व्यापार प्राप्य

एनआईसीएसआई भारत सरकार और राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के विभिन्न मंत्रालयों/विभागों/संगठनों से हर साल बड़ी संख्या में नई परियोजनाओं का कार्यान्वयन करता है। सामान्य वित्तीय नियमों (जीएफआर) के प्रावधानों के अनुसार, वे एनआईसीएसआई को अग्रिमों की रिहाई को 40% या उससे अधिक तक सीमित रखते हैं, जबकि कई मामलों में मुख्य रूप से आईसीटी हार्डवेयर की खरीद से संबंधित, एनआईसीएसआई को कार्य आदेश पूर्ण सीमा तक जारी करना पड़ता है और उन वस्तुओं के वितरण/स्थापना के बाद, एनआईसीएसआई को कार्य आदेशों में भुगतान शर्तों के अनुसार विक्रेताओं को भुगतान जारी करना होगा। यह कई अवसरों पर, व्यापार प्राप्तियों में परिणत हुआ, जिसका प्रकटीकरण वित्तीय विवरणों की नोट सं. 9 में किया गया है, 31 मार्च 2022 तक 43678.92 लाख रु. (पिछले वर्ष 34,869.32 लाख रु.) की राशि, एनआईसीएसआई द्वारा इस राशि की वसूली के लिए संबंधित विभागों/संगठनों से समय–समय पर अनुवर्ती कार्यवाई की जाती है।

52. संदिग्ध ऋण राशि, जिनकी वसूली की संभावना न हो, के लिए प्रावधान

एनआईसीएसआई वित्त वर्ष 2018–19 से, 10 वर्ष से अधिक अवधि के लिए 100%, 5–10 वर्षों के बीच 50% और 3–5 वर्ष के बीच 25% पर विचार करते हुए लगातार अपने खातों में संदिग्ध ऋणों के लिए "प्रावधान"कर रहा है।

वित्त वर्ष 2021–22 के लिए जिन संदिग्ध राशियों की वसूली की संभावना नहीं है, उनके लिए प्रावधान बनाने की समीक्षा और उस पर अपनी अनुशंसाएं देने के लिए एनआईसीएसआई में एक समिति का गठन किया गया था।

कथित नीति के अनुसार समिति की अनुशंसाओं के आधार पर, वित्त वर्ष 2021–22 के लिए एनआईसीएसआई के खातों के लिए जिन संदिग्ध राशि की वसूली की संभावना नहीं थी, के लिए इस प्रकार "प्रावधान" किए गए,:–

(लाखों में)

अवधि	बकाया राशि	% में प्रावधान	वित्त वर्ष 2021–22 में प्रावधान	वित्त वर्ष 2020–21 में प्रावधान
10 वर्षों से अधिक	7452.00	100	7452.00	6300.00
5 से 10 वर्ष	2852.00	50	1426.00	2028.50
3 से 5 वर्ष	1487.00	25	371.75	180.25
3 वर्षों तक	31887.92	शून्य	शून्य	शून्य
कुल	**43678.92**		**9249.75**	**8508.75**

53. आपूर्तिकर्ताओं को अग्रिम का प्रावधान।

एफएंडसी ऑडिट ने वित्त वर्ष 2017–18 की लेखापरीक्षा करते समय पाया कि "आपूर्तिकर्ताओं को दी जाने वाली 984.16 लाख रु. की राशि 3 वर्ष की अवधि से भी अधिक पुरानी थी। 3 वर्ष से अधिक पुरानी अवधी होने के कारण इस संबंध में प्रावधान किया जाना चाहिए था। गैर–प्रावधान के परिणामस्वरूप वर्तमान परिसंपत्तियों को अधिक बताया गया और प्रावधानों को कम बताया गया जिससे लाभ को अधिक कर दिखाया गया"।

एफएंडसी ऑडिट के उपरोक्त विचार को ध्यान में रखते हुए, एनआईसीएसआई में समीक्षा करने और अपनी अनुशंसाएं देने के लिए एक समिति का गठन किया गया था और इस समिति को आपूर्तिकर्ताओं के अग्रिमों, जिनके निपटान की संभावना नहीं है, पर बनाए जाने वाले प्रावधान पर अनुशंसा भी देनी थी। समिति ने आपूर्तिकर्ताओं की अग्रिम राशि के संबंध में, जो 3 वर्ष से अधिक के लिए बकाया हैं, के लिए "प्रावधान" बनाने की अनुशंसा की थी। तदनुसार वित्त वर्ष 2018–19 से 2020–21तक के लिए लेखा में प्रावधान किया गया था।

उपरोक्त के आधार पर, वित्त वर्ष 2021–22में आपूर्तिकर्ताओं के अग्रिम के संबंध में प्रावधान की अनुशंसा हेतु एक समिति बनाई गई। समिति की अनुशंसा पर, वित्त वर्ष 2021–22 में 31.03.2022 तक 3 वर्ष से अधिक से बकाया राशि और जिनके समायोजन की संभावना नहीं है, के लिए 894.32 लाख रु. (पिछले वर्ष 2020–21 के 977.22 लाख रु. के मुकाबले) का प्रावधान किया गया है, एनकेएन परियोजना को छोड़कर।

54. कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर)

₹ लाखो में

ब्यौरा	**को समाप्त हुए वर्ष के लिए**	
	31 मार्च 2022	**31 मार्च 2021**
वर्ष के दौरान कंपनी द्वारा खर्च की जाने वाली आवश्यक राशि	112.00	57.20
किसी संपत्ति के निर्माण/अधिग्रहण के अलावा अन्य उद्देश्य पर किए गए व्यय की राशि*	-	57.20
वर्ष के दौरान समायोजित पूर्व वर्षों में किए गए अतिरिक्त व्यय	-	-
वर्ष के अंत में कमी [(d)=(a)–(b)–(c)]	112.00	-
पिछले वर्षों की कुल कमी	-	-
कमी के कारण*	लागू नहीं	लागू नहीं
सीएसआर गतिविधियों की प्रकृति	पीएम केयर्स फंड में योगदान	पीएम केयर्स फंड में योगदान

*एनआईसीएसआई ने कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) के व्यय हेतु वित्त वर्ष 2021–22 में 112 लाख रु. (पिछले वर्ष पीएम केयर्स फंड में 57.20 लाख रु. का योगदान किया) का प्रावधान किया है। निदेशक मंडल के 26.03.2022 को हुई 121वीं बैठक में दिए गए निर्देशों के अनुसार, एनआईसीएसआई ने अलग बैंक खाता खोला और कंपनी अधिनियम 2013 के तहत निर्धारित 112 लाख रु. की राशि हस्तांतरित की, इस राशि को 29.04.2022को पीएम केयर्स फंड में डाल दिया गया।

55. आयकर और बिक्री कर आदि के लिए प्रावधान

एफएंडसी ऑडिट ने वित्त वर्ष 2017–18 के लिए की गई लेखापरीक्षा में पाया था कि "वित्त वर्ष 2007–08 से 2014–15 तक टीडीएस/आयकर के रूप में वसूली गई 2,281.03 लाख रु. की राशि का भुगतान आयकर विभाग के पास लंबित है। उक्त राशि 3 वर्ष से अधिक पुरानी होने के कारण इस संबंध में कंपनी द्वारा प्रावधान किए जाने चाहिए थे। लेकिन कोई प्रावधान नहीं किया गया था। इस राशि के लिए कोई प्रावधान न करने के कारण वर्तमान परिसंपत्तियों को अधिक कर बताया गया और प्रावधानों को कम कर बताए जाने से आय में वृद्धि दिखायी गयी।

एफएंडसी ऑडिट के उपरोक्त विचार को ध्यान में रखते हुए, वित्त वर्ष 2018–19 के लिए आयकर रिफंड, वसूली योग्य बिक्री कर और कार्य अनुबंध पर टीडीएस जिसके वसूली की संभावना नहीं है, के संबंध में प्रावधान बनाए जाने हेतु समीक्षा करने और अपनी अनुशंसाएं देने के लिए एनआईसीएसआई में एक समिति का गठन किया गया था। समिति की अनुशंसाओं के आधार पर वित्त वर्ष 2021–22के

लिए एनआईसीएसआई में इस प्रकार प्रावधान किए गए: –

(लाखों में)

विवरण	31 मार्च 2022 को समाप्त हुआ वर्ष	31 मार्च 2021 को समाप्त हुआ वर्ष
आय कर	1835.88	1835.88
बिक्री कर / वैट / डीवैट	117.91	117.91
कार्य अनुबंधों पर टीडीएस	2.54	2.54
कुल	**1956.33**	**1956.33**

एनआईसीएसआई अभी भी कर की वसूली के संबंध में संबंधित कर अधिकारियों के साथ अनुवर्ती कार्रवाई कर रहा है और मामला अभी भी उनके अधिकारियों के साथ उच्च स्तर पर चर्चा में है। तदनुसार, उक्त राशि की वसूली अभी भी प्रतीक्षित है।

56. अप्रचलित आइटम

वित्त वर्ष 2017–18के लिए एनआईसीएसआई के खातों की समीक्षा करते समय, एफएंडसी ऑडिट टीम ने पाया था कि 31 मार्च तक अप्रचलित वस्तुओं के मूल्यह्रास मूल्य और उसके प्रति अनुमानित बिक्री मूल्य के बीच अंतर के संबंध में उस वर्ष की लेखा में प्रावधान नहीं किए गए थे। तदनुसार, मूल्यह्रास मूल्य और अनुमानित बिक्री मूल्य के बीच 31.03.2019 को अप्रचलित वस्तुओं के लिए वित्त वर्ष 2018–19 के लिए एनआईसीएसआई के खातों में किए जाने वाले "प्रावधान"की जांच करने और अनुशंसाएं देने हेतु एनआईसीएसआई में एक समिति बनाई गई थी।समिति ने अनुशंसा की कि 31.03.2019 को अप्रचलित परिसंपत्ति मदों के मूल्यह्रास मूल्य को अनुमानित बिक्री के रूप में लिया जाए और इसलिए, उस वर्ष की लेखा में इस संबंध में कोई प्रावधान करने की आवश्यकता नहीं थी। इसी प्रकार, उसके बाद के वित्त वर्ष 2019–20 और 2020–21 और वित्त वर्ष 2021–22 के लिए भी, एनआईसीएसआई की लेखा में कोई 'प्रावधान' नहीं था। हालांकि, संपत्तियों के भौतिक सत्यापन के आधार पर, 31.03.2022 तक अप्रचलित संपत्ति मद का अनुमानित मूल्य 0.90 लाख रु. (पिछले वर्ष 2.06 लाख रु.) था।

57. वर्ष के अंत में व्यय और बिल न किए गए राजस्व का प्रावधान

वर्ष 2019–20 और 2020–21 के वित्तीय विवरण की समीक्षा करते हुए, पीएंडटी ऑडिट (सीएजी) ने पाया कि, पिछले वर्ष के लिए किए गए व्यय से संबंधित चालानों के लिए लेखा पुस्तकों में कोई प्रावधान नहीं किया जा रहा था, जिसके लिए वित्त वर्ष के अंत में लेकिन वार्षिक वित्त विवरण को अंतिम रूप देने की तिथि से पहले चालान प्राप्त हुए थे। पीएंडटी ऑडिट ने इन खर्चों के लिए उचित प्रावधान करने का सुझाव दिया था। तदनुसार, चालू वित्त वर्ष 2021–22 के दौरान वित्त वर्ष 2021–22 से संबंधित चालानों, कुल राशि 9957.54 लाख रु., के लिए प्रावधान किए गए। चालू वित्त वर्ष के दौरान बिल न किए गए राजस्व के रूप में 9439.13 लाख रु. की संबंधित आय भी दर्ज की गई। (पिछले वर्ष शून्य)

58. जीएसटी अधिकारियों के समक्ष अपील

नवंबर, 2017 में, 4,73,37,107/– रु. का जीएसटी एनआईसीएसआई द्वारा इस धारणा पर जमा किया गया था कि उस वर्ष विक्रेताओं के कई चालान बुक किए जाएंगे, लेकिन चालान कम प्राप्त होने के कारण, उस सीमा तक जीएसटी का भुगतान नहीं हुआ। निर्धारण अधिकारी द्वारा दिनांक 25.09.2020 को समय सीमा समाप्त हो जाने के कारण दावा खारिज कर दिया गया। एनआईसीएसआई ने 18. 12.2020 को आयुक्त (अपील–ष्), सीजीएसटी, दिल्ली के समक्ष जमा किए गए अतिरिक्त कर की वापसी के लिए अपील की, लेकिन संबंधित आयुक्तालय ने इसे खारिज कर दिया था।एनआईसीएसआई जीएसटी ट्रिब्यूनल में एक नई अपील दायर करने की प्रक्रिया में है लेकिन इसे रोक दिया गया है क्योंकि सरकार द्वारा ट्रिब्यूनल का गठन किया जाना अभी बाकी है।

59. कंपनी ने कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 248 या कंपनी अधिनियम, 1956 की धाराके तहत वित्त वर्ष 2021–22के दौरान कंपनियों के साथ कोई लेनदेन नहीं किया था।

60. कोविड–19 प्रभाव

कंपनी ने कोविड–19 से संबंधित महामारी से प्राप्य राशियों, सावधि जमा और अन्य परिसंपत्तियों/देयताओं की अग्रिम राशि पर संभावित प्रभावों का आकलन किया है। इस महामारी के कारण वैश्विक आर्थिक स्थितियों में संभावित भविष्य की अनिश्चितताओं से संबंधित धारणाओं को विकसित करने में कंपनी ने इन वित्तीय विवरणों के अनुमोदन की तिथि को सूचना के आंतरिक और बाहरी स्रोतों का उपयोग किया है। वर्तमान तिथि तक, कंपनी ने निष्कर्ष निकाला है कि इन अनुमानों के आधार पर कोविड–19 का प्रभाव भौतिक नहीं है। महामारी की प्रकृति के कारण, कंपनी भविष्य में महत्वपूर्ण अनिश्चितताओं, यदि कोई हो, की पहचान करने हेतु विकास पर नजर रखती रहेगी।

नोट सं. 61. पिछले वर्ष के आंकड़ों का पुनर्वर्गीकरण

कंपनी ने चालू वर्ष के वर्गीकरण की पुष्टि हेतु पिछले वर्ष के आंकड़ों को फिर से वर्गीकृत किया है।

आज की तिथि में हमारी रिपोर्ट के अनुसार
अग्रवाल एंड सक्सेना के लिए
सनदी लेखाकार/चार्टर्ड अकाउंटेंट
कंपनी पंजीकरण संख्या 002405सी

नेशनल इंफोर्मेटिक्स सेंटर सर्विसिज इंक के निदेशक मंडल के लिए और उनकी तरफ से

ह0/–	ह0/–	ह0/–
वर्णिका गुप्ता	**इंदर पाल सिंह सेठी**	**डॉ. राजेन्द्र कुमार**
साझेदार	प्रबंध निदेशक	अध्यक्ष
सदस्यता सं. 430967	डीआईएनः 09512006	डीआईएनः 02677079
	ह0/–	ह0/–
	सन्नी जैन	**महेन्द्र पाल**
	कंपनी सचिव	एफए/सीए
	एसीएसः 31700	

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 28.07.2022

स्वतंत्र लेखा-परीक्षक की रिपोर्ट

नेशनल इंफॉर्मेटिक्स सेंटर सर्विसिज इंक के सदस्यों के लिए

वित्तीय विवरणों की लेखापरीक्षा पर रिपोर्ट

योग्य विचार

हमने नेशनल इंफॉर्मेटिक्स सेंटर सर्विसिज इंक. ("कंपनी")के वित्तीय विवरणों की लेखापरीक्षा की है, जिसमें 31 मार्च 2022 तक की बैलेंस शीट और आय एवं व्यय लेखा, इक्विटी में परिवर्तन के विवरण और इस तिथि पर समाप्त हुए वर्ष के लिए नकद प्रवाह विवरण और महत्वपूर्ण लेखांकन नीतियों पर सारांश एवं अन्य व्याख्यात्मक सूचनाओं समेत वित्तीय विवरणों के लिए नोट्स थे।

हमारी राय में और हमारी सर्वोत्तम जानकारी के अनुसार एवं हमें दिए गए स्पष्टीकरणों के आधार पर, हमारी रिपोर्ट के आधार के लिए योग्य रायखंड में वर्णित मामले के प्रभावों क छोड़कर, उपरोक्त वित्तीय विवरण कंपनी अधिनियम 2013 ("अधिनियम")के अनुसार उचित रूपसे अनिवार्य जानकारी प्रदान करते हैं और 31मार्च, 2022 तक कंपनी के मामलों की स्थिति के बारे में भारत में सामान्य रूप से स्वीकार किए गए लेखा सिद्धांतों के अनुरूप एवं इस तिथि को समाप्त हुए वर्ष के लिए व्यय से अधिक आय, इक्विटी में परिवर्तन और प्राप्त नकदी प्रवाह पर उचित एवं निष्पक्ष दृष्टि कोण प्रदान करते हैं।

योग्य राय का आधार

1. व्यापार देय (नोट 18), व्यापार प्राप्य(नोट 9), ग्राहकों से प्राप्त अग्रिम (सहायता अनुदान परियोजनासमेत) (नोट 20), देय सुरक्षा जमा (नोट 17), और आपूर्तिकर्ताओं को अग्रिम (नोट 8 और 14) से संबंधित कुछ शेष राशियां वर्ष के अंत में पुष्टि और/या समायोजन के अधीन हैं। प्रबंधन इसाक समाधान करने की प्रक्रिया में है और उसका विचार है कि प्रभाव, यदि कोई हो, महत्वपूर्ण नहीं होगा। इस प्रकार की पुष्टि प्राप्त/प्राप्त होने और/या परिणामी समायोजन केपरिणाम स्वरूप आयध व्यय और/या संपत्ति/देयताओं पर प्रभाव वर्तमान में वर्ष के अंत में सुनिश्चित नहीं किया जा सकता है।

2. ग्राहकों से प्राप्त अग्रिम जोकि 1,92,452.00 लाख रु. है, के संबंध में वित्तीय विवरण के नोट 20 का संदर्भ देखें। अलग–अलग खातों की समीक्षा से ऐसे अनेकों ग्राहकों का पता चलता है जिन की शेषराशि, वर्ष के समाप्त होने पर, 3 वर्ष से भी अधिक समय से बकाया है। ज्यादातर सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (पीएसयू) और भारत सरकार के मंत्रालयों से प्राप्त इन अग्रिमों को कंपनी द्वारा विभिन्न बैंकों में अलग–अलग ब्याजदर और परिपक्वता प्रोफाइल के साथ सावधि जमा में निवेश किया गया है।

   इस तथ्य को ध्यान में रखते हुए कि ग्राहकों के अग्रिम के संबंध में ऐसी निष्क्रिए निधि अप्रयुक्त रह गई है और सावधि जमा में निवेश की गई है, प्रबंधन को ऐसे प्रत्येक अग्रिम की समीक्षा करने की आवश्कता है और इसे ग्राहक को संबंधित नियमों औ रशर्तों के आधार पर वापस करना होगा। इस प्रकार के प्रत्येक अग्रिम के संबंध में दस्तावेजों, अनुबंधों और विवरणों के उपलब्ध न होने की स्थिति में, इसप्रका केविवरण उपलब्ध कराए जाने के परिणाम स्वरूप संपत्ति/देयताओं और/या आय/व्यय पर पूर्ववर्ती पैरामें संदर्भित मामलों का समग्र प्रभावव र्तमान में पताल गाने योग्य नहीं है।

3. सेवाओं की बिक्री पर आय के महत्वपूर्ण लेखानीति (नोट(vii) औरनोट 2(xii)) के संदर्भ में कंपनी (भारतीय लेखामानक) नियम 2015 द्वारा निर्धारित 'ग्राहकों से अनुबंधों से आय' पर भारतीय लेखामानक 115 का अनुपालन नहीं किया गया है, इसे 'नियंत्रण' के हस्तांतरण के समय यानि वादा की गई सेवा के हस्तांतरण के समय दर्ज करने की बजाए गलती से चालान बनाते समय दर्ज किया जा रहा है। सीजीएसटी अधिनियम के नियम 47 के तहत चूक के साथ इसका प्रभाव कंपनी की रिपोर्ट की गई आय/व्यय और संपत्ति/देयता पर सेवा के पूरा होने के 30 दिनों के भीतर चालान न प्रस्तुत करने के कारण, वर्तमान में सुनिश्चित नहीं किया जा सकता है।

4. अब तक कंपनी प्रत्येक वर्ष के अंत में अर्जित किए बिना वर्ष के अंत के बाद विक्रेताओं से प्राप्त चालानों के संबंध में अगले वित्त वर्ष में खर्चों और संबंधित आय को दर्ज कर रही थी। वर्ष के दौरान कंपनी ने वर्ष के अंत के बाद प्राप्त ऐसे चालानों के लिए 9957.54 लाख रु. खर्च और 9439.13. लाख रु. के संबंधित बिना बिल के आय (वित्तीय विवरण के नोट सं. 58 को देखें) का प्रावधान किया है।

   हालांकि, कंपनी ने कंपनी (भारतीय लेखा मानक) नियम, 2015 द्वारा निर्धारि "लेखा नीतियों, लेखांकन अनुमामनों एवं त्रुटियों में

परिवर्तन" पर भारतीय लेखा मानक 8 के प्रावधानों का अनुपालन नहीं किया है, जिसमें नई लेखा नीति के लागू होने पर पिछले वर्ष के वित्तीय विवरणों के पूर्व व्यापी पुन कथन की आवश्यकता होती है। तदनुसार वित्त वर्ष 2020–21 के संबंध में पिछले वर्ष के आंकड़ों को भी वर्ष के अंत तक प्राप्त नहीं हुए विक्रेता चालान के संबंध में खर्चों और संबंधित आय को पहचानने के संदर्भ में बहाल किया जाना चाहिए था। रिपोर्ट की गई आय पर इस का प्रभाव/भारतीय लेखा मानक 8 के संदर्भ में इस प्रकार के पुनर्कथन के परिणाम स्वरूप कंपनी का व्यय और परिसंपत्तियों/देयताओं को वर्तमान में सुनिश्चित नहीं किया जा सकता है।

उपरोक्त पैरा(1) से (4) में उल्लिखित मामलों का वर्ष के लिए संपत्तियों/देयताओं और/या आय/व्यय एवं वर्ष के लिए व्यय से अधिक आय पर प्रभाव को सुनिश्चित नहीं किया जा सकता है।

हमने कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 143(10) के तहत निर्दिष्ट लेखांकन (एसए) पर मानकों के अनुसार अपनी लेखा परीक्षा की है। उन मानकों के तहत हमारी जिम्मेदारियों को आगे हमारी रिपोर्ट के वित्तीय विवरणों की लेखा परीक्षाहेतु लेखापरीक्षक के उत्तरदायित्व में वर्णित किया गया है। हम भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान द्वारा जारी आचार संहिता के अनुसार कंपनी से स्वतंत्र हैं, साथ ही नैतिक आवश्यकताएं जो कंपनी अधिनियम, 2013 के प्रावधानों और उसके तहत नियमों के तहत वित्तीय विवरणों की हमारी लेखापरीक्षा के लिए प्रासंगिक हैं और हमने इन आवश्यकताओं एवं आचार संहिता के अनुसार अपनी अन्य नैतिक जिम्मेदारियों को पूरा किया है। हम स्वीकार करतेहैं कि हमने जो लेखापरीक्षा साक्ष्य प्राप्त किया है वह हमारे योग्य राय के लिए आधार प्रदान करने हेतु पर्याप्त और उपयुक्त है।

भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान द्वारा जारी आचार संहिता के अनुसार, कंपनी अधिनियम, 2013 के प्रावधानों और उसके तहत नियमों के अनुसार वित्तीय विवरणों की हमारी लेखापीरक्षा के लिए प्रासंगिक नैतिक आवश्यकताओं के साथ और हमने इन आवश्यकताओं और आचार संहिता के अनुसार अपनी अन्य नैतिक उत्तर दायित्वों को पूरा किया है। हम स्वीकार करते हैं कि हमने जो लेखापरीक्षा साक्ष्य प्राप्त किया हैवह हमारे योग्यराय के लिए आधार प्रदान करने हेतु पर्याप्त और उपयुक्त हैं।

इंफैसिस ऑफ मैटर

हम भारतीय लेखा मानक वित्तीय विवरणों के नोट सं. 43 की ओर ध्यान देते हैं, जहां भीकाजी कामा प्लेस, नई दिल्ली में भवन के संबंध में वाहनध्‍ स्वत्वविलेख द्वारा 931.50 लाख रु. वर्ष के अंत तक पंजीकरण के लिए लंबित हैं।

उपरोक्त पैराग्राफों में रिपोर्ट किए गए मामलों के संबंध में हमारी राय में कोई बदलाव नहीं किया गया है।

वित्तीय विवरण और उस पर लेखापरीक्षक की रिपोर्ट के अलावा अन्य जानकारी

कंपनी के निदेशक मंडल अन्य जानकारी के लिए उत्तरदायी हैं।अन्य जानकारी में कंपनी की वार्षिक रिपोर्ट में शामिल जानकारी भी है लेकिन इसमें वित्तीय विवरण और हमारी लेखापरीक्षक की रिपोर्ट शामिल नहीं है।इस लेखापरीक्षक की रिपोर्ट की तिथि के बाद वार्षिक रिपोर्ट हमें उपलब्ध कराए जाने की उम्मीद है।

वित्तीय विवरणों पर हमारी राय में अन्य जानकारी शामिल नहीं है और हम उस पर किसी भी प्रकार के आश्वासन निष्कर्ष को व्यक्त नहीं करेंगे।

वित्तीय विवरणों की हमारी लेखा परीक्षा के संबंध में, हमारी जिम्मेदारी है कि ऊपर पहचानी गई अन्य जानकारी के उपलब्ध होने पर उसे पढ़ें और ऐसा करने में, इस बात पर विचार करें कि क्या अन्य जानकारी वित्तीय विवरणों या लेखापरीक्षा में प्राप्त हमारी जानकारी के साथ भौतिकरूप से असंगत है या नहीं, अन्यथा भौतिकरूप से गलत बताया गया प्रतीत होता है।

वित्तीय विवरणों के लिए प्रबंधन का उत्तर दायित्व

कंपनी का निदेशक मंडल इन वित्तीय विवरणों को तैयार करने के संबंध में, जो वित्तीय स्थिति, वित्तीय प्रदर्शन, इक्विटी और नकदी प्रवाह में परिवर्तन का उचित और निष्पक्ष स्वरूप प्रदान करते हैं, अधिनियम की धारा 133 के तहत निर्दिष्ट भारतीय लेखामान कों समेत भारत में सामान्यरूप से स्वीकृत लेखांकन सिद्धांतों के अनुसार कंपनी अधिनियम, 2013 ("अधिनियम") की धारा 134(5) में बताए गए मामलों के लिए कंपनी का निदेशकमंडल उत्तरदायी है।इस उत्तरदायित्व में कंपनी की संपत्ति की सुरक्षा हेतु और धोखा धड़ी एवं अन्य अनियमितताओं को रोकने एवं उनका पता लगाने के लिएअधिनियम के प्रावधानों के अनुसार पर्याप्त लेखा रिकॉर्ड का रखरखाव भी शामिल है, उपयुक्त लेखा नीतियों का चयन एवं अनुप्रयोग, ऐसे निर्णय और अनुमान लगाना जो उचित और विवेक पूर्ण हों और पर्याप्त आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों का डिजाइन, कार्यान्वयन और रखरखाव जो लेखांकन रिकॉर्ड की सटीकता और पूर्णता सुनिश्चित करने के

लिए प्रभावीढंग से काम कर रहे थे, वित्तीय विवरण की तैयारीऔ प प्रस्तुति के लिए प्रासंगिक, जो उचित और निष्पक्ष दृष्टिकोण देते हैं एवं तथ्यात्मक रूप से त्रुटि मुक्त हैं, चाहे वह धोखा धड़ी के कारण हो या गलती के कारण।

वित्तीय विवरण तैयार करने में, प्रबंधन कंपनी की एक चालू संस्था के रूप में जारी रखने की क्षमता का आकलन करने, प्रकटीकरण, जैसा लागू हो, चालू संस्था से संबंधित मामलों का खुलासा करने और लेखांकन के चालू संस्था आधार का उपयोग करने के लिए उत्तरदायी है, जब तक कि प्रबंधनयातो कंपनी को समाप्त करने का इरादा नहीं रखता है या संचालन बंद करने के अलावा कोई वास्तविक विकल्प न बचा हो।

वे निदेशक मंडल कंपनी की वित्तीय रिपोर्टिंग प्रक्रिया की देख रेख के लिए भी उत्तरदायी हैं।

वित्तीय विवरणों की लेखापरीक्षा हेतु लेखापरीक्षक के उत्तरदायित्व

हमारा उद्देश्य इस बारे में उचित आश्वासन प्राप्त करना है कि क्या समग्र रूप से वित्तीय विवरण वास्तव गलत विवरण से मुक्त है, चाहे वह धोखाधड़ी के कारण हो या त्रुटि के कारण और एक लेखापरीक्षक की रिपोर्ट जारी करना जिसमें हमारी राय शामिल है। उचित आश्वासन उच्च स्तर का आश्वासन है लेकिन यह गारंटी नहीं है कि एस ए के अनुसार की गई लेखापरीक्षा हमेशा महत्वपूर्ण गलती का पता लगा पाए। गलत विवरण धोखाधड़ी या त्रुटि के कारण हो सकते हैं और उन्हें तब महत्वपूर्ण माना जाता है यदि व्यक्तिगत रूप से या समग्र रूप से इन वित्तीय विवरणों के आधार पर उपयोग कर्ताओं के आर्थिक निर्णयों को प्रभावित करने की उचित रूप से अपेक्षा की जा सकती है।

एस ए के अनुसार लेखा परीक्षा के हिस्से के रूप में, हम पेशेवर निर्णय लेते हैं और पूरी लेखापरीक्षा में पेशेवर संदेह बनाए रखते हैं। हम भीः

- वित्तीय विवरणों की महत्वपूर्ण गलत विवरणों के जोखिमों की पहचान एवं आकलन करेंगें चाहे वे धोखाधड़ी के कारण दिए गए हों या त्रुटि के कारण, उन जोखिमों के लिए लेखापरीक्षा प्रक्रियाओं को तैयार और उनका निष्पादन करेंगे एवं लेखा परीक्षा प्रमाण प्राप्त करेंगें जो हमारी राय के लिए आधार प्रदान करने हेतु पर्याप्त और उपयुक्त हो। धोखाधड़ी के कारण वास्तविक गलत विवरण का पता न लगने का जोखिम गलती/त्रुटि के कारण होने वाले गलत विवरण की तुलना में अधिक है क्योंकि धोखाधड़ी कई प्रकार से की जा सकती है जैसे मिली भगत, जालसाजी, जानबूझ कर गलती करना, गलत बयानी या आंतरिक नियंत्रण की अवहेलना कर।
- परिस्थितियों में उपयुक्त लेखापरीक्षा प्रक्रियों को तैयार करने के लिए लेखापरीक्षा से संबंधित आंतरिक नियंत्रण की समझ प्राप्त करें। कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 143(3)(i) के तहत, हम इस पर अपनी राय व्यक्त करने के लिए भी उत्तरदायीहैं कि क्या कंपनी के पास पर्याप्त आंतरिक वित्तीय नियंत्रण प्रणाली है और क्या ऐसे नियंत्रणों का परिचालन प्रभावी है।
- उपयोग की गई लेखांकन नीतियों की उपयुक्तता और प्रबंधन द्वारा किए गए लेखांकन अनुमानों और संबंधित प्रकटीकरण की तर्क संगतता का मूल्यांकन करें।
- लेखांकन के चालू प्रतिष्ठान के आधार पर प्रबंधन के उपयोग की उपयुक्तता पर निष्कर्ष निकालें और प्राप्त लेखा परीक्षा प्रमाण के आधार पर, क्या ऐसी घटनाएं या स्थितियों से संबंधित कोई वास्तविक अनिश्चितता मौजूद है जो कंपनी को एक चालू प्रतिष्ठान के रूप में जारी रखने की क्षमता पर महत्वपूर्ण संदेह पैदा कर सकती है।यदि हम यह निष्कर्ष निकालते हैं कि एक वास्तविक अनिश्चितता वर्तमान है तो हमें अपने लेखापरीक्षक की रिपोर्ट में वित्तीय विवरणों में संबंधित प्रकटीकरण पर ध्यान देना हो गाया यदि ऐसे प्रकटी करण अपर्याप्त हैं तो अपनी राय को संशोधित करना होगा। हमारे निष्कर्ष हमारी लेखापरीक्षा की रिपोर्ट तिथि तक प्राप्त लेखापरीक्षा प्रमाण पर आधारित हैं। हालांकि, भविष्य में होने वाली घटनाओं या स्थितियों के कारण कंपनी चालू प्रतिष्ठान के रूप में काम करना बंद कर सकती है।
- प्रकटीकरण समेत वित्तीय विवरणों की समग्र प्रस्तुति, संरचना और सामग्री का मूल्यांकन करें और क्या वित्तीय विवरण अंत र्निहित लेन देन और घटनाओं का इस तरह से प्रतिनिधित्व करते हैं जिस से निष्पक्ष प्रस्तुति प्राप्त होती है।

भौतिकत्व वित्तीय विवरणों में गलत बयानों का परिमाण है, जो व्यक्तिगत रूप से या कुल मिलाकर, यह संभव बनाता है कि वित्तीय विवरणों के उचित जानकार उपयोग कर्ता के आर्थिक निर्णय प्रभावित हो सकते हैं। हम(i) हमारे लेखापरीक्षा कार्य के दायरे की योजना बनाने और कार्य के परिणामों के मूल्यांकन करने; और (ii) वित्तीय विवरणों में किसी भी पहचाने गए गलत विवरण के प्रभाव का मूल्यांकन करने के लिए, मात्रात्मक भौतिकत्व और गुणात्मककार कों पर विचार करते हैं।

हम अन्य मामलों के अलावा, लेखा परीक्षा के नियोजित दायरे और समय एवं महत्वपूर्ण लेखा परीक्षा निष्कर्षों के बारे में शासन के प्रभारयों के साथ संवाद करते हैं जिसमें आंतरिक नियंत्रण में वर्तमान ऐसी कोई भी महत्वपूर्ण कमी भी शामिल होती है जिस की पहचान हमने अपनी लेखापरीक्षा के दौरान की हो।

हम शासन के प्रभारियों को, हमारे द्वारा स्वतंत्रता के संबंध में प्रासंगिक नैतिक आवश्यकताओं का अनुपालन किया गया है, से संबंधित कथन प्रदान करते हैं और उन्हें सभी संबंधों और अन्य मामलों एवं जहां लागू हो, संबंधित सुरक्षा उपायों की जानकारी भी देते हैं जो हमारी स्वतंत्रता में पर्याप्त बाधा उत्पन्न कर सकते हैं।

अन्य कानूनी और नियामक आवश्यकताओं पर रिपोर्ट

1. कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 143 की उप–धारा (11) के संदर्भ में भारत की केंद्र सरकार द्वारा जारी कंपनी (लेखा परीक्षक की रिपोर्ट) आदेश, 2016 ("आदेश") के पैरा 3 और 4 में निर्दिष्ट मामले पर टिप्पणी नहीं की गई है क्योंकि कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 8 के तहत संचालित करने हेतु लाइसेंस प्राप्त कंपनी को उपलब्ध छूट के मद्दे नजर उक्त आदेश कंपनी पर लागू नहीं होता है।

2. जैसा कि अधिनियम की धारा 143 (3) द्वारा अपेक्षित है, हम रिपोर्ट करते हैं कि:

   (क) हमने वह सभी जानकारी और स्पष्टीकरण की मांग की है और उन्हें प्राप्त भी किया है जो हमारे सर्वोत्तम जानकारी और विश्वास से हमारी लेखा परीक्षा के प्रयोजनों के लिए आवश्यक थे;

   (ख) ऊपर दिए गए योग्य राय पैरा के आधार में वर्णित मामले के प्रभावों को छोड़कर, हमारी राय में, कंपनी द्वारा कानून द्वारा अपेक्षित लेखा पुस्तकों को उचित तरीके से तैयार किया गया था, जहां तक उन लेखापुस्तकों की हमारी जांच से प्रतीत होता है;

   (ग) ऊपर दिए गए योग्य राय पैरा के आधार पर वर्णित मामलों के प्रभावों को छोड़कर, हमारी राय में, बैलेंसशीट, आय और व्यय खाता, इक्विटी में परिवर्तन का विवरण और इस रिपोर्ट द्वारा निपटाए गए नकद प्रवाह का विवरण बही खाते से मेल खाता है;

   (घ) योग्य राय के आधार पर वर्णित मामलों को छोड़कर, हमारे विचार में, उपरोक्त वित्तीय विवरण कंपनी (लेखा) नियम, 2014 के नियम 7 के साथ पठित अधिनियम की धारा133 के तहत निर्दिष्ट भारतीय लेखामानक (भारतीय लेखामानक) का अनुपालन करती है;

   (ङ) उपर दिए गए योग्य राय पैरा के आधार पर वर्णित मामले, हमारे विचार में, कंपनी के काम काज पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकते हैं;

   (च) चूंकि कंपनी एक सरकारी कंपनी है, निदेशक की अयोग्यता के संबंध में कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 164 की उप/धारा(2) दिनांक 05.06.2015 को जारी अधिसूचनासं. जी एस आर–463 (ई) की शर्तों के अनुसार कंपनी पर लागू नहीं होती है;

   (छ) खातों के रख–रखाव और उससे जुड़े अन्य मामलों से संबंधित योग्यताएं ऊपर दिए गए योग्य राय पैरा के आधार पर बताई गई हैं;

   (ज) कंपनी की वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की पर्याप्तता और ऐसे नियंत्रणों की परिचालन प्रभावशीलता के संबंध में, "अनुलग्नकक" में हमारी अलग रिपोर्ट देखें। हमारी रिपोर्ट वित्तीय रिपोर्टिंग पर कंपनी के आंतरिक वित्तीय नियंत्रण की पर्याप्तता और परिचालन प्रभाव शीलता पर एक योग्य राय व्यक्त करती है;

   (ज) हमारी राय में और हमें दी गई जानकारी एवं स्पष्टीकरण के अनुसार, कंपनी एक सरकारी कंपनी होने के नाते, अधिनियम की अनुसूची V के साथ पठित धारा 197 के प्रावधान दिनांक 05.06.2015 को जारी अधिसूचना सं. जीएसआर–463 (ई) के संदर्भ में सरकारी कंपनी पर लागू नहीं होते हैं;

   (ञ) कंपनी (लेखा परीक्षा और लेखापरीक्षक) नियम, 2014, के नियम 11 के अनुसार लेखापरीक्षक की रिपोर्ट में शामिल किए जाने वाले अन्य मामलों के संबंध में हमारी राय में और हमारी सर्वोत्तम जानकारी और हमें दिए गए स्पष्टीकरण के अनुसार:

i. कंपनी ने अपने वित्तीय विवरणों में अपनी वित्तीयस्थिति पर लंबित मुकदमों के प्रभावका प्रकटीकरण किया है (वित्तीय विवरण ाों के लिए नोट सं. 36 देखें);

ii. कंपनी के पास व्युत्पन्न अनुबंधों समेत कोई दीर्घ कालिक अनुबंध नहीं था जिसके लिए कोई भी संभावित नुकसान हुआ था।

iii. ऐसी कोई राशि नहीं थी जिसे कंपनी द्वारा निवेशक शिक्षा और संरक्षण कोष में स्थानांतरित करने की आवश्यकता थी।

iv.(क) प्रबंधन ने बताया है कि, अपने सर्वोत्तम जानकारी और विश्वास से, कंपनी द्वारा किसी अन्य व्यक्ति में कोई धनराशि अग्रण ाी तया ऋणया निवेश नहीं किया गया है (या तो उधार ली गई धन राशिया शेयर प्रीमियम या किसी अन्य स्रोत या प्रकार के फंड से) या संस्थाएं, जिसमें विदेशी संस्थाएं ("मध्यस्थ")शामिल हैं, इस समझ के साथ, चाहे वह लिखित रूप मेंद र्जहोया अन्यथा, कि मध्यस्थः

- कंपनी द्वारा या उसकी ओर से किसी भीतरी के से पहचाने गए अन्य व्यक्तियों या संस्थाओं में प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से उधार या निवेश करें ("अंतिम लाभार्थी") या
- अंतिम लाभार्थियों को या उनकी ओर से कोई गारंटी, सुरक्षा या इसी प्रकार की कोई गारंटी प्रदान करें।

(ख) प्रबंधन ने प्रतिनिधित्व किया है, कि, अपने सर्वोत्तम जानकारी और विश्वास के लिए, कंपनी द्वारा किसी भी व्यक्ति या संस्थाओं से, विदेशी संस्थाओं("वित्तपोषणपक्ष") समेत, इस समझ के साथ कोई धन प्राप्त नहीं किया गया है, चाहे लिखित रूप में दर्ज किया गया हो या अन्यथा, कि कंपनीः

- प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से ऋणदाता किसी भीतर हसे पहचाने गए अन्य व्यक्तियों यासंस्थाओं में निवेश करते हैं("अंतिम लाभार्थी") वित्तपोषणपक्ष द्वाराया उसकी ओर से या
- अंतिम लाभार्थी की ओर से या उन की ओर से कोई गारंटी, सुरक्षा या इसी तरह की कोई गारंटी प्रदान करना; और

(ग) ऐसी लेखा परीक्षा प्रक्रियाओं के आधार पर जिन्हें परिस्थियों में उचित और उपयुक्त माना जाता है, हमारे संत्रान में ऐसा कुछ भी नहीं आया है जिससे हमें यह विश्वास हो कि उप–खंड(iv) (क) और (iv) (ख) के तहत अभ्यावेदन में कोई महत्वपूर्ण गलत–बयानी की गई है।

(घ) चूंकि कंपनी को कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 8 के तहत निगमित किया गया है और यह लाभांश की घोषणा नहीं कर सकती है, कंपनी (लेखा परीक्षा और लेखापरीक्षक) नियम, 2014 की धारा143 (11) (ई) के तहत रिपोर्टिंग कंपनी पर लागू नहीं होती है।

3. कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 143(5) के तहत भारत के नियंत्रक–महालेखापरीक्षक द्वारा जारी निर्देशों पर हमारी रिपोर्ट अनुलग्न क बी के रूप में संलग्न है।

अग्रवाल और सक्सेना केलिए
चार्टर्ड अकाउंटेंट
(एफआरएन002405सी)

स्थानः नई दिल्ली
तिथिः 28 जुलाई 2022

वर्णिका गुप्ता
साझेदार
सदस्यता सं.: 430967
यूडीआईएनः–22430967एएनटीटीसीयू7829

31 मार्च, 2022 को समाप्त वर्ष के लिए नेशनल इंफोर्मेटिक्स सेंटर सर्विसिज इंक भारतीय लेखांकन मानक वित्तीय कथन पर स्वतंत्र लेखा-परीक्षक रिपोर्ट का अनुबंध 'क'

(उस तिथि पर हमारी रिपोर्ट के "अन्य कानूनी और नियामक आवश्यकताएं" खंड के तहत अनुच्छेद में संदर्भित)

कंपनी अधिनियम, 2013 ("अधिनियम") की धारा 143 की उप–धारा 3 के खंड (I) के तहत आंतरिक वित्तीय नियंत्राण पर रिपोर्ट

हमने 31 मार्च 2022 तक नेशनल इंफॉर्मेटिक्स सेंटर सर्विसिज इंक. ("कंपनी") की वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की, इस तिथि को समाप्त हुए वर्ष के लिए कंपनी ने भारतीय लेखामान क वित्तीय विवरणों के संयोजन में लेखा परीक्षा की है।

आंतरिक वित्तीय नियंत्रण हेतु प्रबंधन का उत्तर दायित्व

कंपनी का प्रबंधन भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान द्वारा वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण की लेखा परीक्षा पर जारी मार्गदर्शन नोट ('मार्गदर्शन नोट') में बताए गए आंतरिक नियंत्रण के आवश्यक घटकों को ध्यान में रखते हुए कंपनी द्वारा स्थापित वित्तीय रिपोर्टिंग मानदंडों पर आंतरिक नियंत्रण के आधार पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण स्थापित करने और उन्हें बनाए रखने का उत्तरदायी है। इन उत्तर दायित्वों में, पर्याप्त आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों को बनाना, उनका कार्यान्वयन और उन्हें बनाए रखना, जो कंपनी की नीतियों का पालन करने के साथ–साथ उसके व्यवसाय को व्यवस्थित और कुशल संचालन को सुनिश्चित करना, उसकी संपत्तियों की सुरक्षा, धोखा धड़ी एवं त्रुटियों की रोकथाम और उनका पता लगाना, लेखांकन रिकॉर्ड की सटीकता और पूर्णता एवं कंपनी अधिनियम, 2013, के तहत आवश्यक विश्वसनीय वित्तीय जानकारी को समय पर तैयार करना शामिल है।

लेखापरीक्षकों का उत्तरदायित्व

हमारा उत्तरदायित्व हमारी लेखापरीक्षा के आधार पर वित्तीय रिपोर्टिंग पर कंपनी के आंतरिक वित्तीय नियंत्रण पर विचार व्यक्त करना है। हमने वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण पर मार्ग दर्शन नोट ("मार्गदर्शन नोट") और आई सीएआई द्वारा जारी किए गए एवं कंपनी अधिनियम,2013 की धारा 143(10) के तहत निर्धारित माने जाने वाले लेखापरीक्षा मानकों के अनुसार लेखापरीक्षा की है, आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की लेखापरीक्षा के लिए लागूसीमातक, दोनों आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की लेखापरीक्षा पर लागू होते हैं और दोनों भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान द्वारा जारी किए गए हैं। उन मानकों और मार्गदर्शन नोट के लिए हमारा नैतिक आवश्यकताओं का पालन करना आवश्यक है और वित्तीय रिपोर्टिंग पर पर्याप्त आंतरिक वित्तीय नियंत्रण स्थापित और बनाए रखे गए थे या नहीं, इस बारे में उचित आश्वास न प्राप्त करने हेतु लेखापरीक्षा की योजना बनाएं और उसका निष्पादन करें और क्या ऐसे नियंत्रण सभी भौतिक मामलों में प्रभावी तरीके से काम करते हैं।

हमारी लेखा परीक्षा में वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण प्रणाली की पर्याप्तता और उनकी परिचालन प्रभावशीलता के बारे में लेखापरीक्षा प्रमाण प्राप्त करने हेतु निष्पादन प्रक्रियाएं शामिल हैं।वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की हमारी लेखा परीक्षा में वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की समक्ष प्राप्त करना, जोखिम का आकलन करना कि एक वास्तविक कमी है, और मूल्यांकन किए गए जोखिम के आधार पर आंतरिक नियंत्रण के डिजाइन और संचालन प्रभावशीलता का परीक्षण एवं मूल्यांकन करना शामिल है। चुनी गई प्रक्रियाएं लेखआपरीक्षक के निर्णय पर निर्भर करती हैं, जिसमें भारतीय लेखांकन मानक वित्तीय विवरणों के महत्वपूर्ण गलत विवरण, चाहे वह धोखाधड़ी के कारण हो या गलती के कारण, के जोखिमों आकलन शामिल है।

हमारा मानना है कि हमने जो लेखापरीक्षा प्रमाण प्राप्त किए हैं वह वित्तीय रिपोर्टिंग पर कंपनी की आंतरिक वित्तीय नियंत्रण प्रणाली पर हमारी लेखापरीक्षा राय के लिए आधार प्रदान करने हेतु पर्याप्त और उपयुक्त है।

वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण का अर्थ

वित्तीय रिपोर्टिंग पर कंपनी का आंतरिक वित्तीय नियंत्रण एक ऐसी प्रक्रिया है जिसे वित्तीय रिपोर्टिंग की विश्वसनीयता के संबंध में और सामान्य रूप से स्वीकृत लेखांकन सिद्धांतों के अनुसार बाहरी उद्देश्यों के लिए भारतीय लेखामानक वित्तीय विवरण को तैयार करने के लिए उचित आश्वासन प्रदान करने हेतु डिजाइन किया गया है।वित्तीय रिपोर्टिंग पर कंपनी के आंतरिक वित्तीय नियंत्रण में वे नीतियां और प्रक्रियाएं शामिल होती हैं जो (1) जो रिकॉर्ड के रखरखाव से संबंधित है, जो उचित विववरण के साथ कंपनी की संपत्ति के लेनदेन को सटीक और निष्पक्ष रूप से दर्शाता हैय (2) उचित आश्वासन प्रदान करता है कि सामान्य रूप से स्वीकृत लेखा सिद्धांतों के अनुसार भारतीय लेखामानक वित्तीय विवरण तैयार करने की अनुमति देने हेतु लेन देन आवश्यक रूप से दर्ज किए गए हैं और कि कंपनी की प्राप्तियां और व्यय केवल कंपनी के प्रबंधन और निदेशकों के अधिकार के अनुसार किए जा रहे हैंय और (3) कंपनी की संपत्ति के अनधिकृतअधिग्रहण, उपयोग या निपटान की रोकथाम या समय पर पता लगाने के संबंध में उचित आश्वासन प्रदान करना, जिसका भारतीय लेखामानक वित्तीय विवरणों पर गंभीर प्रभाव हो सकता है।

वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण की अंतर्निहित सीमाएं

वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की अंतर्निहित सीमाओं के कारण, जिसमें मिली भगत की संभावनाया नियंत्रण के अनुचित प्रबंधन अनदेखी शामिल है, त्रुटि या धोखाधड़ी के कारण गलत विवरण हो सकते हैं और उनका पता भी नहीं लगाया जा सकता है। इसके अलावा, भविष्य की अवधि के लिए वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण के किसी भी मूल्यांकन के अनुमान जोखिम के अधीन हैं कि वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण शर्तों में बदलाव के कारण अपर्याप्त हो सकता है या यह कि नीतियों या प्रक्रियाओं के अनुपालन की डिग्री खराब हो सकती है।

योग्य विचार

हमें दी गई जानकारी और स्पष्टीकरण के अनुसार एवं हमारी लेखा परीक्षा के आधार पर, हमने 31 मार्च 2022 को समाप्त हुए वर्ष के लिए अपनी लेखापरीक्षा राय पर राय तैयार करली है, विक्रेता की शेष राशि के समाधान/पुष्टि से संबंधित प्रणाली के संबंध में, क्योंकि इससे संभावित रूप से बकाया शेष राशि का गलत विवरण हो सकता है। (उस तिथि पर हमारे स्वतंत्र लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट के योग्य विचार हेतु आधार के तहत पैरा 1 देखें) जिसमें वर्तमान आंतरिक नियंत्रणों को मजबूत करने की आवश्यकता है।

एक 'वास्तविकदोष' वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण में कमीया कमियों का संयोजन है जैसे इस बात की पर्याप्त संभावना है कि कंपनी के वार्षिक भारतीय लेखामानक वित्तीय विवरणों के महत्वपूर्ण गलत विवरणों को समय आधार पर रोका न जा सके या उनकी पहचान न की जा सके।

हमारी राय में, नियंत्रण मानदंड के उद्देश्यों की उपलब्धि पर ऊपर वर्णित वास्तविक कमियों के प्रभावों/संभावित प्रभावों को छोड़कर, कंपनी ने सभी मामलों में, वित्तीय रिपोर्टिंग पर पर्याप्त आंतरिक वित्तीय नियंत्रण बनाए रखा है और ऐसी आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों पर ऐसे आंतरिक वित्तीय नियंत्रण, भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान द्वारा वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की लेखा परीक्षा पर जारी मार्गदर्शन नोट में बताए गए आंतरिक नियंत्रण के आवश्यक घटकों पर विचार करते हुए कंपनी द्वारा स्थापित वित्तीय रिपोर्टिंग मानदंडों पर आंतरिक नियंत्रण के आधार पर, 31 मार्च 2022 तक प्रभावी तरीके से काम कर रहे थे।

हमने 31 मार्च 2022 की हमारी लेखा परीक्षा में अपनाए गए लेखा परीक्षा जांचों की प्रकृति, समय और सीमा का निर्धारण करने में ऊपर बताई गई और रिपोर्ट की गई वास्तविक कमियों पर विचार किया है और ये वास्तविक कमियां कंपनी के वित्तीय विवरणों के बारे में हमारे विचार को प्रभावित नहीं करती हैं।

अन्य मामले

क. कंपनी को संपत्ति, संयंत्र और उपकरण की अलग–अलग मदों के मानचित्रण से संबंधित वर्तमान नियंत्रणों को उनके वास्तविक सत्यापन पर नियंत्रणों को पेशकर मजबूत करने की आवश्यकता है जहां सभी व्यक्तिगत वस्तुओं द्वारा भौतिक रूप से सत्यापित उनकी विशिष्ट पहचान संख्या के माध्यम से संबंधित पीपीई रिकॉर्ड के साथ मैप कियाजाता है।

ख. हालांकि कंपनी ने 01 जुलाई 2017 से ईआरपी अकाउंटिंग सॉफ्टवेयर लागू किया था, व्यक्तिगत पार्टी बैलेंस की मैपिंग और ओपनिंग बैलेंस को आगे बढ़ाने से संबंधित कुछ नियंत्रण कमियों को मजबूत करने और वर्तमान नियंत्रणों के आधार पर सशक्त और पहचाने जाने की जरूरत है जिसे एक बाहरी स्वतंत्र एजेंसी द्वारा सिस्टम लेखा परीक्षा द्वारा मान्य किए जाता है।

उपरोक्त मामलों के संबंध में हमारी राय में कोई बदलाव नहीं किया गया है।

अग्रवाल और सक्सेना केलिए
चार्टर्ड अकाउंटेंट
(एफआरएन002405सी)

स्थानः नई दिल्ली
तिथिः 28 जुलाई 2022

वर्णिका गुप्ता
साझेदार
सदस्यता सं.: 430967
यूडीआईएनः–22430967एएनटीटीसीयू7829

31 मार्च 2022 को समाप्त हुए वर्ष के लिए नेशनल इंफोर्मेटिक्स सेंटर सर्विसिज इंक के भारतीय लेखांकन मानक वित्तीय कथन पर स्वतंत्र लेखा परीक्षक की रिपोर्ट का अनुबंध 'ख'

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 143 (5) के तहत भारत के नियंत्राक एवम महा लेखा – परीक्षक द्वारा जारी निर्देशो पर रिपोर्ट

1. **क्या कंपनी में आईटी प्रणाली के माध्यम से सभी लेखांकन लेनदेन को संसाधित करने की कोई प्रणाली है? यदि हां, तो आईटी प्रणाली के बाहर लेखांकन लेनदेन के प्रसंस्करण के वित्तीय प्रभावों के साथ–साथ खातों की अखंडता पर प्रभाव, यदि कोई हो, बताया जा सकता है।**

   कंपनी के पास सभी लेखांकन लेनदेन के प्रसंस्करण हेतु एक लेखा प्रणाली–ईआरपी लेखांकन सॉफ्टवेयर है, जिसे 01 जुलाई 2017 से शुरू कर दिया गया था। हालांकि, ईआरपी सॉफ्टवेयर को शुरू किया गया था और वह अभी भी किसी बाहरी स्वतंत्र एजेंसी द्वारा सिस्टम ऑडिट द्वारा प्रमाणित किए बगैर काम कर रहा है। आंकड़ों की शुद्धता में प्रणाली की संभावित कमियों के कारण बहीखाते पर भारतीय वित्तीय विवरणों में उल्लिखित संपत्तियों/देयताओं और/या आय/व्यय पर प्रभाव, यदि कोई हो, तो उसका निश्चय वर्तमान में नहीं किया जा सकता।

   इसके अलावा, संवर्धन/विलोपन/मूल्यह्रास के संदर्भ में अचल संपत्तियों का लेखांकन वर्तमान में मैन्युअल रूप से किया जा रहा है और इसके बाद उसे ईआरपी सिस्टम में अपलोड किया जाता है क्योंकि ईआरपी में कोई ऑटोमेशन मॉड्यूल नहीं है। यह सलाह भी दी जाती है कि मानवीय हस्तक्षेप के कारण संभावित त्रुटियों से बचने के लिए उक्त प्रक्रिया को भी जल्द–से–जल्द स्वचालित कर लिया जाए।

2. **क्या कंपनी द्वारा ऋण चुकाने में असमर्थता के कारण वर्तमान ऋण की कोई पुनर्रचना की गई है या ऋणदाता द्वारा कंपनी को ऋण/उधार/ब्याज आदि की छूट/बट्टे खाते में डालने के मामले हैं? यदि हां., तो वित्तीय प्रभाव के बारे में बताया जा सकता है।**

   लागू नहीं होता क्योंकि कंपनी पर वर्ष 2021–22 के दौरान कोई बकाया ऋण नहीं था। तदनुसार, कंपनी द्वारा ऋण चुकाने में असमर्थता के कारण किसी भी ऋणदाता द्वारा दिए गए ऋणों/उधार/ब्याज आदि पर छूट/बट्टे खाते में डालने का कोई मामला नहीं था।

3. **क्या केंद्र/राज्य एजेंसियों से विशिष्ट योजनाओं के लाए प्राप्त/प्राप्य निधियों को उनके नियमों और शर्तों के अनुसार उचित रूप लेखा/उपयोग किया गया था? विसंगति के मामलों की सूची बनाएं।**

   वर्ष 2021–22 के दौरान कंपनी को किसी भी केंद्र/राज्य एजेंसियों से न को कई धनराशि प्राप्त हुई है और न ही प्राप्य थी। इसलिए उनके उचित लेखांकन और उपयोग का प्रश्न ही नहीं उठता है।

अग्रवाल और सक्सेना केलिए
चार्टर्ड अकाउंटेंट
(एफआरएन002405सी)

स्थानः नई दिल्ली
तिथिः 28 जुलाई 2022

वर्णिका गुप्ता
साझेदार
सदस्यता सं.: 430967
यूडीआईएनः–22430967एएनटीटीसीयू7829

31 मार्च, 2022 को समाप्त हुए वर्ष के लिए नेशनल इंफोर्मेटिक्स सेंटर सर्विसिज इंक. (निकसी) के वित्तीय कथन पर कम्पनी अधिनियम 2013 की धारा 143(6)(बी) के तहत भारत के नियंत्रक एवं महा लेखा-परीक्षक की टिप्पणियां

कंपनी अधिनियम, 2013 (अधिनियम) के तहतम निर्धारित वित्तीय रिपोर्टिंग रूप रेखा के अनुसार 31 मार्च 2022 को समाप्त हुए वर्ष के लिए नेशनल इंर्फोमेटिक्स सेंटर सर्विसिज इंक (एनआईसीएसआई) के वित्तीय विवरण तैयार करना कंपनी के प्रबंधन की जिम्मेदारी है। अधिनियम की धारा 139 (5) के तहत भारत के नियंत्रक और महालेखापरीक्षक द्वारा नियुक्त सांविधिक लेखापरीक्षक/लेखापरीक्षक अधिनियम की धारा 143(10)के तहत निर्धारित लेखापरीक्षा मान कों के अनुसार स्वतंत्र लेखापरीक्षा आधार पर अधिनियम की धारा 143 के तहत वित्तीय विवरणों पर राय व्यक्त करने को जिम्मेदार हैं। दिनांक 28.07.2022 की लेखापरीक्षा रिपोर्ट में उनके द्वारा ऐसा किया जाना बताया गया है।

मैंने, भारत के नियंत्रक और महालेखापरीक्षक की ओर से, अधिनियम की धारा 143(6) (क) के तहत 31 मार्च 2022 को समाप्त हुए वर्ष के लिए एनआईसीएसआई के वित्तीय विवरणों की पूरक लेखापरीक्षा की है। यह पूरक लेखापरीक्षा सांविधिक लेखापरीक्षकों के कार्य पत्रों को देखे बिना स्वतंत्र रूप से की गई है और यह प्राथमिक रूप से सांविधिक लेखापरीक्षकों की जांच और कंपनी के कुछ लेखा अभिलेखों की व्यक्तिगत एवं चयनात्मक जांच तक सीमित है।

मेरी पूरक लेखापरीक्षा के आधार पर, मैं अधिनियम की धारा 143(6) (ख) के तहत निम्नलिखित महत्वपूर्ण मामलों पर प्रकाश डालना चाहता हूँ जो मेरे संज्ञान में आए हैं और जो मेरे विचार में वित्तीय विवरणों और संबंधित लेखापरीक्षा रिपोर्ट की बेहतर समझ को सक्षम करने के लिए आवश्यक है।

क. लाभ प्रदता पर टिप्पणी

1. आय और व्यय खाता

व्यय–अन्यव्यय 6883.76 लाख रु. (नोटसं. 28)

उपरोक्त मद को 285.34 लाख रु. की राशि से कम कर लिखा गया है क्योंकि एम एस एम ईडी अधिनियम, 2006 के अनुपालन में एमएसएमई को देय ब्याज का प्रावधान नहीं किया गया था।इसके परिणामस्वरूप आयको उसी राशि से अधिक बताया गया है।

ख. प्रकटीकरण पर टिप्पणी

2. वित्तीय विवरण पर नोट

भारतीय लेखा मानक 7 (इंड–एएस 7) के अनुसार एक इकाई के नकदी प्रवाह के विवरण में प्रबंधन द्वारा टिप्पणी के साथ, महत्वपूर्ण नकदी राशि एवं इकाई द्वारा धारित नकद सम तुल्य शेष राशि जो समूह द्वारा उपयोग हेतु उपलब्ध नहीं है, का प्रकटी करण किया जाएगा।निवेश गतिविधियों से नकदी प्रवाह में 2171.16 लाख रुपये की सावधि जमा रसीद (एफडीआर) में निवेश शामिल है, जो गारंटी के खिलाफ लाभराशि के रूप में दिया गया है जो कंपनी के लिए स्वतंत्र रूप से उपयोग हेतु उपलब्ध नहीं है ।कंपनी की ओर से इस का प्रकटीकरण नहीं किया गया है।

ग. अन्य टिप्पणियां

3. प्रतिबद्धताएं–पूंजीगत प्रतिबद्धताएंः 31507.84 लाख रु. (नोट नं. 36)

दिल्ली के शास्त्री पार्क में मिनी डाटा सेंटर बनाने में बढ़ी हुई लागत का राशि को न जोड़ने के कारण उपरोक्त मद को 2315.95 लाखरु. की राशि से कम कर बताया गया है।

4. आकस्मिक देयताएं

बिलिंग तिथि के 180 दिनों के बाद भी विक्रेताओं को भुगतान न करने के कारण आई सीटी के प्रत्यावर्तन पर ब्याज का प्रावधान न करने के कारण उपरोक्तमद में 125.92 लाख रु. की राशि कम कर दर्ज की गई है।

घ. सांविधिक लेखा परीक्षक पर टिप्पणी

5. अन्य कानूनी और नियामक आवश्यकताओं पर रिपोर्ट

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा143 (5) के तहत जारी भारत के सीएजी के निर्देश पर सांविधिक लेखापरीक्षक की प्रतिक्रिया बिन्दु सं. 3 (विशिष्ट योजनाओं के लिए प्राप्त/प्राप्तियां) तथ्यात्मक रूप से गलत है। कंपनी को वर्ष 2021–22 के दौरान विभिन्न मंत्रालयों/विभागों से विशिष्ट योजनाओं के लिए 55603.54 लाख रु. की धन राशि प्राप्त हुई जबकि वर्ष 2021–22 के दौरान सांविधिक लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट के अनुसार कंपनी द्वारा किसी भी केंद्रीय/राजकीय एजेंसियों से ऐसी कोई धनराशि प्राप्त नहीं की गई थी या कंपनी ऐसी कोई भी राशि प्राप्त कर ने योग्य नहीं थी।

भारत के नियंत्रक और महालेखापरीक्षक
के लिए और की ओर से

(अमनदीप चट्ठा)
मुख्य लेखापरीक्षा अधिकारी
(वित्त और संचार)

स्थानः नई दिल्ली
तिथिः 29.09.2022

2021–22 (वित्त वर्ष 2020–21) के लिए कैग जांच रिपोर्ट से लेखापरीक्षा टिप्णियों के उत्तर

क्र. सं.	परासं.	लेखापरीक्षाराय	एनआईसीएसआई का उत्तर
1.	**वित्त वर्ष 2020–21 भाग–।। ए कीसं. 1 के लिए**	नेशनल इंफॉर्मेटिक्स सेंटर सर्विसेज इंकॉर्पोरेटेड (एनआईसीएसआई) ने 2016–17 के दौरान टीयर1 के लिए आई सी टी क्षेत्र में ईदृगवर्नेंस परियोजना/ सेवाओं के लिए पांच सलाहकार कंपनियों को अपने पैनल में शामिल किया था, ये कंपनियां हैं– मेसर्स प्राइस वाटर हाउस कूपर्स प्राइवेट लिमिटेड, मेसर्सविप्रोलिमिटेड, मेसर्स डेलॉइट तोहमात्सुइंडिया एलएलपी, मेसर्स केपीएम जी (पंजीकृत) और मेसर्स अर्न्स्ट एंड यंग एलएलपी। पैनल में शामिल कंपनियां दो वर्ष यानि 15.06.2019 तक अपनी सेवाएं देतीं। पैनल में शामिल किए जाने वाले पत्र में आपसी सहमति से एक वर्ष के विस्तार यानि 15.06.2019 का प्रावधान था। हालांकि पैनल में शामिल किए जाने वाले पत्र में 15.06.2020 के बाद विस्तार का कोई प्रावधान नहीं है। अभिलेखों की समीक्षा के दौरान, पाया गया कि 15.06.2020 के बाद भी, इस पैनल के संबंध में 3–3 माह की अवधि के पांच विस्तार दिए गए थे यानि 31.12.2021 तक। इसके अलावा, पैनल में नई कंपनियों को शामिल करने की प्रक्रिया में भी देरी की गई थी, पैनल में शामिल किए जाने के पत्र के अनुसार विस्तारित अवधि के समाप्त होने के छह माह बाद, प्रक्रिया जुलाई 2020 में शुरु हुई की गई थी। पैनल में नई कंपनियों को शामिल करने की प्रक्रिया अक्टूबर 2021 में पूरी की गई थी और मेसर्स डेलॉइट टॉश 22.10.2021 से पैनल में शामिल कर लिया गया था। विस्तारित पैनल की दरों और नए पैनल की दरों में बहुत अधिक भिन्नता थी, इस पैरा के अंत में बताया गया है। 16.06.2020 से 21.10.2021 (नए पैनल की तिथि) की अवधि के दौरान, एनआईसीएसआई ने विस्तारित पैनल के आधार पर ई–गवर्नेंस परियोजना के संबंध में 302.35 करोड़रु. के कार्य आदेश जारी किए हैं। इसके कारण उपयोग कर्ता विभागों द्वारा 24.18 करोड़ रु. (302.35 करोड़ रु. पर 8% की दर से गणना की गई है) का अधिक भुगतान किया गया है। इस प्रकार, एनआईसीएसआई द्वारा निविदा जारी करने और निविदा को अंतिम रूप देने में अनुचित देरी के परिणामस्वरूप आईसीटी क्षेत्र में ई–गवर्नेंस परियोजना/सेवाओं के संबंध में उपयोग कर्ता विभागों द्वारा 24.18 करोड़ रु. का परिहार्य भुगतान किया गया और सलाहकार कंपनियों को, पैनल में शामिल किए जाने के पत्र के प्रावधानों का उल्लंघन करते हुए पैनल की अवधि को बार–बार बढ़ाकर अनुचित लाभ भी दिया गया। लेखापरीक्षा के माध्यम सेइस बारे में संकेत दिए जाने पर, प्रबंधन द्वारा कोई उत्तर प्रस्तुत नहीं किया गया।	एनआईसीएसआई के निदेशक मंडल ने, 28.01.2020 को आयोजित अपनी 112वीं बैठक में, सूचित किया था कि, "एनआईसीएसआई सलाहकार कंपनि एजेंसियों को पैनल में शामिल करने के लिए कोई नयी निविदा लाने पर विचार नहीं कर रही थी, क्योंकि इस बात की संभावना थी कि निकट भविष्य में ऐसी सेवाएं जीईएम पर उपलब्ध होंगी"। इसके बाद, उपयोग कर्ताओं की मांग के कारण, "आईसीटी क्षेत्र में ईदृ गवर्नेंस परियोजनाओं/सेवाओं' के लिए पैनल की वैधता अवधि को, पैनल पत्र में उल्लिखित निविदा नियम के अनुसार 15.06.2020 तक और फिर, एनआईसीएसआई के अध्यक्ष के अनुमोदन से 31.12.2020 तक बढ़ा दिया गया था। इस बीच. जुलाई, 2020 के महीने में नई निविदा लाने की प्रक्रिया आरंभ कर दी गई लेकिन कोविड–19 महामारी और इसके संबंधित देरी के कारण, नए नामिकायन को समय से अंतिम रूप नहीं दिया जा सका और विभिन्न मंत्रालयों/विभागों की महत्वपूर्ण/ जारी परियोजना आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए, बोर्ड ने समय–समय पर, 31.12.2020 के बाद भी, 31.12.2021 तक, नामिकायन के विस्तार की अनुमति दी। हालांकि नई नामिकायन को 22.10.2021को अंतिम रूप दे दिया गया और नामिकायन पत्र जारी कर दिया गया। एनआईसीएसआई ने मंत्रालयों/विभागों के अनुरोध के अनुसार और समय–समय पर सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से पूर्व नामिकायन के खिलाफ पी ओ जारी कर दिए थे और लेकिन नए नामिकायन के बाद, एनआईसीएसआई द्वारा पूर्व नामिकायन दरों के अनुसार कोई पीओ जारी नहीं किया गया। एनआईसीएसआई ने जीएफआर के प्रावधानों के अनुसार खुली निविदा के माध्यम से एजेंसी के नएनामिकाय न हेतु प्रक्रिया समय पर आरंभ कर दी थी। हालांकि कोविड–19 महामारी और उसके कारण देरी की वजह से, नामिकायन की प्रक्रिया को समय से पूरा नहीं किया जा सका। यह कहना उचित नहीं है कि एनआईसीएसआई ने वर्तमान पैनल में शामिल एजेंसियों को अनुचित लाभ दिया है। हालांकि, यह सुनिश्चित किया जाएगा कि एनआईसीएसआई समय पर नामिकायन की प्रक्रिया आरंभ करे और वर्तमान नामिकायन अवधि के समाप्त होने से पूर्व उसे अंतिम रूप दे, अ प्रत्याशित परिस्थितियों को छोड़कर। (सभी निविदा गतिविधियों का कालानुक्रमिक विवरण तैयार किया जाता है और अनुलग्नक–ग में है और तालिका के अंत में उपलब्ध है।) उपरोक्त को ध्यान में रखते हुए, इस पैरा को हटाने का अनुरोध है।

क्र. सं.	विवरण	विस्तारित नामिकायन के अनुसार विक्रेतादर/व्यक्ति द्वारा माह में किए गए काम के घंटे (रु. में)	नई नामिकायन के अनुसार दर (रु. में)	दरों में भिन्नता (रु. में)	दरों में अंतर का प्रतिशत
1.	15 वर्ष और उससे अधिक के अनुभव वाले सलाहकार (प्रबंधन/ कार्यात्मक/ प्रौद्योगिकी प्रोफाइल)	3,88,000	3,50,000	38,000	9.79
2.	10 वर्ष लेकिन 15 वर्ष से कम अनुभव रखने वाले सलाहकार (प्रबंधन/कार्यात्मक/ प्रौद्योगिकी प्रोफाइल)	3,84,800	3,00,000	84,800	10.39
3.	6 वर्ष लेकिन 10 वर्ष के कम अनुभव वाले सलाहकार (प्रबंधन/ कार्यात्मक/प्रौद्योगिकी प्रोफाइल)	3,02,400.00	2,75,000.00	27,400.00	9.06
4.	3 वर्ष लेकिन 6 वर्ष के कम अनुभव वाले सलाहकार (प्रबंधन/ कार्यात्मक/प्रौद्योगिकी प्रोफाइल)	2,70,000.00	2,35,000.00	35,000.00	12.96
5.	3 वर्ष से कम अनुभव वाले सलाहकार (प्रबंधन/कार्यात्मक/ प्रौद्योगिकी प्रोफाइल)	2,16,000.00	2,10,000.00	6,000.00	2.78
6.	विषय विशेषज्ञ	3,34,800.00	3,34,800.00	0.00	0.00
	कुल	18,46,000.00	17,04,800.00	1,41,200.00	7.65

2.	**वित्त वर्ष 2020–21 भाग–।। ए कापारासं. 2**	विदेश मंत्रालय (एमईए) से प्राप्त अनुरोध के आधार पर, नेशनल इंफॉर्मेटिक्स सेंटर सर्विसेज इंकॉर्पोरेटेड (एनआईसीएसआई) ने दिनांक 27.08.2018 के नामिकायन पत्र के माध्यम सेदेश भर के सभी क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालयों में मशीनरी डेबल पासपोर्ट (एमआरपी) के निजीकरण हेतु मेसर्स स्टैंडर्ड ट्रेडिंग कंपनी को सूची में शामिल किया है। भारत के प्रवासी नागरियों (ओसीआई) और भारत सरकार के इसी प्रकार के अन्य यात्रा दस्तावेजों के निजीकरण हेतु एजेंसी को काम पर रकने हेतु नामिकायन पत्र में, 04.09.2018 को एक संशोधन किया गया था, जिसके अनुसार इसमें विदेशी मुद्रा में होने वाले उतार–चढ़ाव दर को शामिल किया गया था। नियम में यह कहा गया है कि यदि विदेशी विनिमय दर निविदा जमा करने की अंतिम तिथि पर दर्ज दर से 10% से अधिक है तो दर संशोधन लागू होगा। मंत्रालय के साथ कार्य आदेश के नियमों और शर्तों के अनुसार, विदेश मंत्रालय क्षति पूर्ति बॉन्ड के एवज में एनआईसीएसआई के पास 40% (वार्षिक अनुमानित कार्य का) अग्रिम के रूप में रखेगा। इसके अलावा, एनआईसीएसआई प्रशासनिक शुल्क, 7% की दर से, के साथ लागू जीएसटी के साथ विदेश मंत्रालय को मासिलबिल देगा। विदेश मंत्रालय से एनआईसीएसआई को प्राप्त भुगतान से संबंधित अभिलेखों की समीक्षा के दौरान यह पाया गया कि, विदेशी विनिमय दर में भिन्नता के कारण 3.34 करोड़ रु. की राशि का भुगतान विदेश मंत्रालय द्वारा नहीं किया गया है और प्रबंधन ने इस राशि को प्राप्त करने के लिए कोई कदम नहीं उठाया है। लेखा परीक्षा के दौरान इस राशि की प्राप्ति से संबंधित कोई पत्राचार प्रमाण उपलब्ध नहीं कराया गया था और आज की तिथि तक विदेश मंत्रालय द्वारा कोई भुगतान नहीं किया गया था। लेखापरीक्षकों द्वारा इस बारे में पूछे जाने पर प्रबंधन द्वारा कोई उत्तर नहीं दियागया।	एनआईसीएसआई ने विदेशी मुद्रा परिवर्तन के कारण जो अतिरिक्त राशि विदेश मंत्रालय को भुगतान की जानी है, का मामला उठाया है। एनआईसीएसआई ने 21.06.2021 और 07.07.2021 को ईमेल/पत्र लिखा था। विदेश मंत्रालय ने दिनांक 13.09. 2021को लिखे पत्र के माध्यम से, इस मामले में एनआईसीएसआई से कुछ जानकारी/स्पष्टीकरण प्रदान करने का अनुरोध किया था। एनआईसीएसआई ने दिनांक 28.09.2021 और फिर दिनांक 04.04.2022 को लिखे पत्र के माध्यम से, विदेश मंत्रालय को जानकारी/स्पष्टी करण प्रदान की थी। हालांकि विदेश मंत्रालय से अभी भी राशि के भुगतान की प्रतीक्षा है। एनआईसीएसआई ने हाल ही में विवरणों को व्यक्तिगत स्तर पर स्पष्ट करने के लिए विदेश मंत्रालय के साथ बैठक की थी और संभावना है कि निकट भविष्य में विदेश मंत्रालय द्वारा एनआईसीएसआई को भुगतान कर दिया जाएगा। **उपरोक्त को ध्यान में रखते हुए, इस पैरा को हटाने का अनुरोध है।**

क्र. सं.	पारासं.	लेखापरीक्षाराय	एनआईसीएसआई का उत्तर
3.	**वित्त वर्ष 2020–21 भाग– ।। एकापारासं. 3**	नेशनल इंफॉर्मेटिक्स सेंटर सर्विसेज इंकॉर्पोरेटेड (एनआईसीएसआई) ने चुनींदा सार्क देशों में छह नेटवर्क लिंक यानि अफगानिस्तान से दिल्ली (अफ–दि) या अफगानिस्तान से मुंबई (अफ– मु), बांग्लादेश से कोलकाता (बादृको), भूटान से कोलकाता (भो–को), मालदीव से मुंबई (मा– मु) या मालदीव से चेन्नई (मा–च), नेपाल से दिल्ली (ने– दि), श्रीलंका से चेन्नई (श्री–च) या श्रीलंका से मुंबई (एसएल–मु) में राष्ट्रीय ज्ञान नेटवर्क (एनकेएन) को वैश्विक अनुसंधान और शिक्षा नेटवर्क तक विस्तारित करने के लिए खुली निविदा जारी (मार्च 2020) की। एनआईसीएसआई द्वार गठित निविदा मूल्यांकन समिति ने 25.06.2020 को निविदा कर्ताओं से प्राप्त निविदाओं को खोला और केवल दो निविदाकर्ताओं यानि मेसर्स भारती एयरटेल लिमिटेड और मेसर्स टाटा कम्युनिकेशंस लिमिटेड ने निविदा प्रक्रिया में हिस्सा लिया था।समिति ने पाया कि दोनों ही निविदाकर्ता तकनीकी विशिष्टताओं की सभी आवश्यकताओं को पूरा कर रहे थे। वित्तीय मूल्यांकन समिति की दिनांक 04.08.2020 को हुई बैठक के कार्यवृत्त के अनुसार, समिति ने अफगानिस्तान लिंक को छोड़कर सभी नेटवर्क लिंक के लिए सबसे कम बोली लगाने वाले निविदा कर्ता (एल1) के रूप में मेसर्स भारती एयरटेल की अनुशंसा की और पांचलिंकों के लिए 27.08.2020 को मेसर्स भारती एयरटेल को नामिकायन पत्र जारी किया गया था। अभिलेखों की जांच के दौरान लेखा परीक्षकों को निम्नलिखित कमियां मिलीः– (I) जीएफआर, 2017 का नियम 183, जिसमें अन्य बातों के साथ कहा गया है किः (i) जहां परामर्श सेवा की अनुमानित लागत पच्चीस लाख रु. तक हो, संभावित सलाहकारों की एक लंबीसूची, ऐसी ही गतिविधियों में शामिल अन्य मंत्रालयों या विभागों या संगठनों, वाणिद्य और उद्योग मंडल, परामर्श कंपनियों के संघ आदि से औपचारिक या अनौपचारिक पूछताछ के आधार पर तैयार की जा सकता है, नियम 183 (i)। (ii) जहां परामर्श सेवाओं की अनुमानित लागत पच्चीस लाख रु. से अधिक है, तो उपरोक्त (i)के अलावा, सलाहकारों से 'दिलचस्पी की अभिव्यक्ति' प्राप्त करने के लिए की जाने वाली पूछताछ को केंद्रीय सार्वजनिक खरीद पोर्टल (सीपीपीपी) यानि www.eprocure.gov.in पर या सरकारी ई मार्केट प्लेस (जीईएम/GeM)पर डाली जानी चाहिए। ऐसा संगठन जिसकी स्वयं की वेबसाइट हो, उसे सभी विज्ञापित निविदा सवालदृजवाबों को वेबसाइट पर पब्लिश करना चाहिए– नियम 183 (ii)।	एनआईसीएसआई संबंधित क्षेत्र में संभावित सलाहकारों की सूची बनाएगी और भविष्य में इस संबंध में जीएफआर प्रावधानों का पालन करेगी। एनआईसीएसआई ने ईओआई को पब्लिश नहीं किया था और पिछली कार्य प्रणाली के अनुसार, इसने आरएफपी समिति की अनुशंसाओं का पालन किया है। हालांकि, लेखा परीक्षा जांच के अनुसार, एनआईसीएसआई ने निविदा जारी करने से पूर्व, जीएपआर प्रावधानों के अनुसार सलाहकार सेवाओं हेतु ईओआई रूट का पालन करना आरंभ कर दिया है। एनआईसीएसआई ने सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से तकनीकी मूल्यांकन समिति की अनुशंसाओं का पालन किया था और फिर से निविदा नहीं दी थी, क्योंकि इससे नामिकायन प्रक्रिया में और अधिक देरी हो सकती थी। व्यय का आकलन पूर्व कार्य प्रणाली के अनुसार नहीं किया गया है। हालांकि, लेखापरीक्षा परामर्श को नोट कर लिया गया है और भविष्य में इसका अनुपालन किया जाएगा। एनआईसीएसआई ने वित्तीय मूल्यांकन समिति की अनुशंसा के आध ाार पर एल–1 की दरों के अनुसार विक्रेताओं को खंडदृवारनामित किया था। हालांकि, लेखापरीक्षा राय के बाद, एनआईसीएसआई ने जीएफआर प्रावधानों के अनुसार सभी निविदाओं के लिए उचित व्यय अनुमान लगाना आरंभ कर दिया है। एनआईसीएसआई ने (मेसर्स भारती एयरटेल लिमि. और मेसर्स टाटा कम्युनिकेशंस लिमि, 23.03.2018को लिखे दोनों पत्रों के माध्यम से), 24.04.2018 को दोनों एजेंसियों को लिखे पत्र के माध्यम सेय एनआईसी नामिकायन को केवल 23.03.2020की अवधि तक के लिए अपनाया था। इसके बाद, दिनांक15.05.2020 को लिखे पत्र के माध्यम से, दोनों ही एजेंसियों के लिए नामिकायन अवधि को 23.03.2020 से 30.09.2020 तक के लिए बढ़ा दिया था। तदनुसार, आंतरिक अनुमोदन प्राप्त करने के बाद, एनआईसीएसआई ने भी दोनों ही एजेंसियों के लिए नामिकायन अवधि को 23.03.2020 से 30.09.2020 तक की अवदि के लिए उन्हीं नियमों और शर्तों पर बढ़ा दिया था, जिसमें उल्लेख किया गया था कि, ष्एनआईसीएसआई, 23.03.2020 के बाद नए नामिकायन दर के अनुसार मूल्य का भुगतान करेगा यदि निविदा के माध्यम से, नई दरें वर्तमान दरों की तुलना में कम पाई जाती हैंष्। हालांकि, नामित एजेंसियों की अवधि को 01.10. 2020 से 30.11.2020 तक बढ़ाने संबंधी निविदा फाइल में कोई अभिलेख उपलब्ध नहीं है, न तो एनआईसी की ओर से न ही एनआईसीएसआई से।

<table>
<tr><th>क्र. सं.</th><th>परासं.</th><th>लेखापरीक्षाराय</th><th>एनआईसीएसआई का उत्तर</th></tr>
<tr><td></td><td></td><td>
जीएफआर 2017 के नियम 13 के उल्लंघन में पाया गया कि एनआईसीएसआई ने सलाहकारों से शदिलचस्पी की अभिव्यक्तिश प्राप्त करने के लिए की जाने वाली पूछताछ को केंद्रीय सार्वजनिक पोर्टल (सीपीपीपी) www.eprocure.gov.in पर, जीईएमपर और अपनी वेबसाइटपर, पब्लिश नहीं किया।
(2) जीएफआर, 2017 का नियम 18 कहता है कि संक्षिप्त सूची में रखे गए सलाहकारों की संख्या तीन से कम नहीं होनी चाहिए। हालांकि केवल दो निविदाकर्ताओं ने ही निविदा जारी होने के प्रति उत्तर में निविदा जमा की थी और एनआईसीएसआई ने, निविदा को फिर से जारी करने के बजाए, निविदा प्रक्रिया को जारी रखा।
(3) सामान्य वित्त नियम 2017 के नियम 182 के अनुसार, सलाहकार (रों) को नियुक्त करने का प्रस्ताव देने वाले मंत्रालय या विभाग को प्रचलित बाजार परिस्थितियों का पता लगाने और ऐसी ही गतिविधियों में शामिल अन्य संगठनों से परामर्श कर इसके लिए उचित व्यय का अनुमान लगाना चाहिए। हालांकि, उपलब्ध अभिलेखों के अनुसार, एनआईसीएसआई द्वारा कोई अनुमान नहीं तैयार किया गया था।
(4) नीचे दिए गए विवरण के अनुसार 6 नेटवर्क लिंक के संबंध में दोनों विक्रेताओं द्वारा उद्धृत सकल मूल्य में भारी भिन्नता हैः–
<table>
<tr><th>कनेक्टिविटी विवरण</th><th>मेसर्स भारती एयरटेल लिमि.</th><th>मेसर्स टाटा कम्युनिकेशंस लिमि</th><th>बोलियों में अंतर (% में)</th></tr>
<tr><td>अफगानिस्तान से दिल्ली (अफ–दि) अफगानिस्तान से मुंबई (अफ–मुं)</td><td>उद्धृत नहीं किया गया</td><td>3,09,85,290</td><td>-</td></tr>
<tr><td>बांग्लादेश से कोलकाता (बादृको)</td><td>4,11,331</td><td>5,64,671</td><td>37.27</td></tr>
<tr><td>भूटान से कोलकाता (भू–को)</td><td>99,891</td><td>6,29,506</td><td>530.19</td></tr>
<tr><td>मालदीव से मुंबई (मा– मुं) या मालदीव से चेन्नई (मा–च)</td><td>24,63,167</td><td>48,24,960</td><td>95.88</td></tr>
<tr><td>नेपाल से दिल्ली (ने–दि)</td><td>3,14,994</td><td>4,08,613</td><td>29.72</td></tr>
<tr><td>श्री लंका से चेन्नई (एसएल–च) या श्री लंका से मुंबई (एसएलमुं)</td><td>13,44,731</td><td>19,59,386</td><td>45.70</td></tr>
</table>
इसलिए, निविदा के लिए उचित व्यय के अनुमान के अभाव में और दोनों निविदाकर्ताओं द्वारा उद्धृत दरों में भारी भिन्नता को देखते हुए, उद्धृत बोलियों की तर्क संगतता सुनिश्चित नहीं की जा सकती है।
</td><td>
जैसा कि, उच्चदर के संबंध में उल्लेख किया गया है कि एनआईसीएसआई ने उत्पादों/सेवाओं के लिए दिनांक 27.08. 2020 को लिखे पत्र के माध्यम से एजेंसियों को नामित किया था लेकिन नए नामिकायन में 23.03.2018 के पिछले नामिकायन की तुलना में दरें कम थीं। 23.03.2020 की अवधि के दौरान, एनआईसीएसआई ने मेसर्स भारती एयरटेल लिमिटेड की सूचीबद्ध दरों पर विभिन्न कार्य आदेश जारी किए थे किन्तु पाया गया कि–अनजाने में, नई पैनल बद्ध दरों की प्रयोज्यता की स्थिति (यदि ये पहले की दरों की तुलना में कम हैं) का पालन नहीं किया गया था। हालांकि, चूंकि शर्तें नामिकायन पत्र में थीं, एनआईसीएसआई ने अब कथित कार्य आदेश के लिए भुगतान की गई अतिरिक्त राशि को वापस करने के मामले को मेसर्स भारती एयरटेल के समक्ष रखा है।
अफगानिस्तान लिंक के लिए, एनआईसीएसआई को केवल मेसर्स टाटा कम्युनिकेशनंस लिमि.से एकल निविदा प्राप्त हुई थी और इसके बारे में 20.08.2020 को एफईसी की आयोजित बैठक में बताया गया था। हालांकि एफईसी ने अनुशंसा की थी कि ”एनआईसीएसआई निविदा नियमों और शर्तों एवं जीएफआर नियमों के अनुसार अनिवार्य कार्रवाई कर सकता है”।
एनआईसीएसआई ने जीएफआर के नियम 166 और 173 के अनुसार उपरोक्त की जांच की और इसके प्रावधान का हवाला देते हुए 16.10.2020 को एफईसी (सदस्य संयोजक) को प्रस्ताव भेजा था लेकिन 04.10.2021 को, फाइल एनआईसीएसआई के निविदा अनुभाग को बिना किसी अनुशंसाध टिप्पणी के वापस कर दी गई ।उसके बाद, अफगानिस्तान लिंक के लिए किसी भी विक्रेता को पैनल में शामिल करने की दिशा में कोई कार्रवाई नहीं की गई थी और परियोजना में गतिविधि स्वयं नहीं की गई थी।
सार्क देशों के लिए निविदा प्रक्रिया को आमंत्रित करने एवं अंतिम रूप देने के बारे में विवरण पहले ही उपर विस्तार से वर्णित है। हालांकि, जैसा कि ऊपर आश्वासन दिया गया है, एनआईसीएसआई भविष्य में एनकेएन या किसी अन्य गतिविधि के लिए किसी और पैनल को अंतिम रूप देते हुए जीएफआर के अनुसार आवश्यक कार्रवाई करेगा।
जैसा कि ऊपर (5)के उत्तर में बताया गया है, एनआईसीएसआई, समय–समय पर, सार्क पैनल में जारी किए गए कार्य आदेशों के लिए एनकेएन परियोजना में एनआईसीएसआई द्वारा भुगतान की गई अतिरिक्त राशि को वापसकरने हेतु मामले को संबंधित विक्रेता के समक्ष मामले को रखा है। लेखापरीक्षक इसके बारे में अगली जांच में सत्यापन कर सकते हैं।
उपरोक्त को ध्यान में रखते हुए, इस पैरा को हटाने का अनुरोध है।
</td></tr>
</table>

क्र. सं.	पारासं.	लेखापरीक्षाराय	एनआईसीएसआई का उत्तर
		(5) एनआईसीएसआई के पास एनकेएन परियोजना के तहत सार्क देशों में दी जाने वाली इंटरनेट कनेक्टिविटी सेवा के लिए नामिकायन की निविदा चल रही थी। मेसर्स टाटा कम्युनिकेशंस लिमिटेड (कोलकातादृ बांग्लादेश लिंक) और मेसर्स भारती एयरटेल लिमिटेड (चेन्नई– श्रीलंका और दिल्ली भूटान लिंक) दो वर्षों के लिए पैनल में शामिल किए गए थे यानि 20.03.2020 तक। इस अवधि को दिनांक 20.05.2020 को लिखे पत्र के माध्यम से (30.11.2020 तक के लिए बढ़ा दिया गया) इस शर्त के साथ कि एनआईसीएसआई 23. 03.2020 के बाद नए नामिकायन दर के अनुसार मूल्य का भुगतान करेगा, यदि निविदा से प्राप्त नई दरें वर्तमान दर की तुलना में कम हो। मार्च 2020 में जारी नई निविदा में दी गई दरें वर्तमान दरों की तुलना में कम थीं और एनआईसीएसआई को नई दरों के अनुसार मेसर्स भारती एयरटेल लिमि. को भुगतान करना था। हालांकि यह पाया गया कि विक्रेताओं के अनुरोध पर मेसर्स भारती एयरटेल लिमि. और मेसर्स टाटा कम्युनिकेशन लिमि को पुरानी दरों के अनुसार भुगतान किया गया, परिण ाम स्वरूप 15.94 लाख रु. का परिहार्य भुगतान किया गया, इस राशि को संबंधित विक्रेताओं से वसूल किए जाने की आवश्यकता है। (6) अफगानिस्तान लिंक के लिए, एनआईसीएसआई को केवल मेसर्स टाटा कम्युनिकेशन लिमि. से ही निविदा प्राप्त हुई थी। 16.10.2020 को स्वीकार किया गया था कि वित्तीय मूल्यांकन समिति जीएफआर, 2017 के प्रावधानों के आलोक में मेसर्स टाटा कम्युनिकेशन लिमिटेड की निविदा की जांच कर सकती है। हालांकि, अभिलेखों के अनुसार, एफईसी द्वारा निविदा की जांच के संबंध में फाइल पर कोई और विवरण उपलब्ध नहीं है कि क्या अफगानिस्तान लिंक की आवश्यकता नहीं थी क्योंकि 16.10.2020 के बाद फाइल पर इस संबंध में कोई प्रगति नहीं देखी गई थी। इस प्रकार एनआईसीएसआई ने प्रासंगिक सामान्य वित्त नियम, 2017 के उल्लंघन में चयनितसार्क देशों में राष्ट्रीय ज्ञान नेटवर्क (एनकेएन) को वैश्विक अनुसंधान और शिक्षानेट वर्क तक विस्तारित करने हेतु निविदा को अंतिम रूप दिया। लेखापरीक्षकों द्वारा इस बारे में पूछे जाने पर प्रबंधन द्वारा कोई उत्तर नहीं दिया गया।	

क्र. सं.	पारासं.	लेखापरीक्षाराय	एनआईसीएसआई का उत्तर
4	**वित्त वर्ष 2020–21 भाग–।। एकापारा सं.4**	पंचायती राज मंत्रालय (एम ओ पी आर) परियोजना 'ई–पंचायत–पीईएस की खरीद, रखरखाव और प्रशिक्षण' का कार्यान्वयन दस (10) वर्षों से भी अधिक समय से नेशनल इंफॉर्मेटिक्स सेंटरसर्विसेजइं कॉर्पोरेटेड द्वारा किया जा रहा है। इसके लिए पंचायतीराज मंत्रालय और राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र (एनआईसी) और एनआईसीएसआई के बीच वार्षिक आधार पर समझौता (एमओयू) किया जाता है। वर्ष 2020–21 के लिए एनआईसीएसआई के लेखा के अनुसार, यूनीफायडएप्ली केशन प्रोजेक्ट समेत ईदृ पंचायत मेंटेनेंस एंड ट्रेनिंग ऑफ पीईएसएप्ली केशन में, क्रमशः 67.35 लाख रु. और 3.75 करोड़ रु. (कुल राशि 4.42 करोड़ रु.) जो परियोजनाओं जिनकी संख्या–C170093GNND (वर्ष 2017–18 और 2018–19के लिए परियोजना) और C200026GNND (वर्ष 2020–21 के लिए परियोजना) सेसंबंधित है। हालांकि, वर्ष 2020–21 के लिए एनआईसीएसआई द्वारा पंचायती राज मंत्रालय की ई–पंचायत से संबंधित योजना के संबंध में प्रस्तुत किए गए उपयोगिता प्रमाणपत्र (यूसी) के अनुसार, 3.78 करोड़ रु. का रोकड़ शेष (अप्रयुक्त शेष) था। इसके अलावा, यह भी पाया गया कि यूनीफायड एप्लीकेशन प्रोजेक्ट समेत ई–पंचायत मेंटेनेंस एंड ट्रेनिंग ऑफ पीईएसएप्लीकेशंस से संबंधित 4 अन्य परियोजनाओं (Project No-81019/MIS/ND, C120488GNND, C132034GNND, C190054GNND) में 31.03.2021 के ईआरपी बहीखाते के अनुसार 2.30 करोड़ रु. की शेष राशि (1.54 करोड़ रु.0.51 करोड़ रु.0.27 करोड़ रु.0.02 करोड़ रु.) थी, जो खातों में नजर नहीं आ रही। इस प्रकार, ई–पंचायत में टेनेंस एंड ट्रेनिंग ऑफ पीईएस एप्लीकेशंस प्रोजेक्ट से संबंधित यूसी, ई आर पी बहीखाता के साथ–साथ एनआईसीएसआई के खातों में दिखनेवाले आंकड़ों में भिन्नता है। इसके अलावा, 2019–20 के बाद से, यह परियोजना अनुदान सहायता परियोजना नहीं है क्योंकि वित्तपोषण पंचायतीराज मंत्रालय द्वारा अनुदान सहायता मद की बजाए कार्यालय व्यय मद से किया जा रहा है। लेखापरीक्षक द्वारा इस बारे में पूछे जाने पर प्रबंधन द्वारा कोई उत्त रनहीं दिया गया। लेखा परीक्षिती द्वारा की जानेवाली कार्रवाईः सहायता अनुदान परियोजना मद के अंतर्गत वर्ष 2020–21 के दौरान यूसी, ईआरपी बहीखाता और एनआईसीएसआई के खातों में प्रदर्शित होने वाले शेष के बीच अंतर के कारण और परोयजना के चित्रण के लिए लेखापरीक्षको सूचित किया जाए। शेष राशि के समायोजन हेतु उठाए गए कदमों के बारे में लेखापरीक्षा को भी सूचित किया जाए।	एनआईसीएसआई कई वर्षों से पंचायतीराज मंत्रालय (एमओपीआर) के एक से अधिक परियोजनाओं का कार्यान्वयन कर रहा है और ईआरपीबही खाता/यूएसके आंकड़ों में कोई भिन्नता नहीं है। हालांकि. वित्त वर्ष 2020–21 में, यह महसूस किया गया कि पंचायतीराज मंत्रालय से एनआईसीएसआई के साथ अलग–अलग परियोनाओं की आई डी का शेष एक साथ कर दिया जाए और एक एकल यूसी तैयार किया जाए, जिसे तदनुसार तैयार भी किया गया। हालांकि, अलग–अलग परियोजनाओं में विभिन्न कार्य आदेश निष्पादित न होस के, इसके कारण ईआरपी बहीखाता और यूसी के आंकड़ों के बीच कुछ भिन्नता आई, जबकि, वास्तव में, एक साथ किए जाने वाली सभी परियोजनाओं के लिए आंकड़ों में कोई भिन्नता नहीं है। इसके अलावा, यह बताया गया है कि भारत सरकार की सभी परियोजनाओं के लेखा की लेखापरीक्षा प्रत्येक वर्ष सी एकंपनी द्वारा की जाती है और अब तक किसी भी लेखा परीक्षा प्रमाणपत्र में किसी भी खाते के शीर्षध राशि के प्रति कोई प्रतिकूल अवलोकन नहीं किया गया है। कृपया परियोजना–वार विवरण को अगली लेखापरीक्षा के दौरान पुःसत्यापित किया जाए। **उपरोक्त को ध्यान में रखते हुए, इस पैरा को हटाने का अनुरोध है।**

<table>
<tr><th>क्र. सं.</th><th>पारासं.</th><th>लेखापरीक्षाराय</th><th>एनआईसीएसआई का उत्तर</th></tr>
<tr>
<td>5</td>
<td>वित्त वर्ष 2020–21 भाग–।। एकापारा सं.5</td>
<td>
बोर्ड ने 30.12.2020 को हुई अपनी बैठक में निम्नलिखित नामिकायन के संबंध में 1 जनवरी 2021 से 31 मार्च 2021 तक या नई निविदा के पूरा होने की अवधि, जो भी पहले हो, अवधि में विस्तार किया है।
<table>
<tr><th>क्र. सं</th><th>विवरण</th><th>नामिकायन पत्र के अनुसार नामिकायन अवधि</th><th>नामिकायन पत्र के अनुसार विस्तार विकल्प</th></tr>
<tr><td>1</td><td>आईसीयी इंफ्रास्ट्रक्चर सर्विस एवं ई–गवर्नेंस एप्लीकेशंस के समर्थन हेतु हेल्पडेस्क/कॉल सेंटर की स्थापनाए वं संचालन हेतु सेवा प्रदाताओं का नामिकायन</td><td>24.08.2015 to 23.08.2017 (2 वर्ष)</td><td>24.08.2017 to 23.08.2019 (2 वर्ष)</td></tr>
<tr><td>2</td><td>जीआईएस और रिमोटसेंसिंग परियोजाएं–2020 के डिजाइन, विकास, रखरखाव और प्रशासन हेतु तकनीकी संसाधन का नामिकायन</td><td>22.04.2016 to 21.04.2018 (2 वर्ष)</td><td>22.04.2018 to 21.04.2019 (2 वर्ष)</td></tr>
<tr><td>3</td><td>सिस्टमस्टडी, डिजाइन, विकास, वेबसाइटों का कार्यान्वयन और रखरखाव, वेब पोर्टल, वेब इनेबल एप्लीकेशन और मोबाइल एप के लिए नामिकायन।</td><td>01.07.2016 to 30.06.2018 (2 वर्ष)</td><td>01.07.2018 to 30.06.2018 (2 वर्ष)</td></tr>
</table>
इसलिए अप्रैल 2020 से मार्च 2021 की अवधि से संबंधित दस्तावेजों की समीक्षा के दौरान पाया गया कि इनमामलों में नामिकान अवधि को नामिकायन की वैधता अवधि के परे का विस्तार दिया गया था, इसमें नामिकायन पत्र के अनुसार विस्तारित अवधि भी शामिल है।
एनआईसीएसआई द्वारा नए नामिकायन निविदाओं को अंतिम रूम देने में बहुत देरी की गई है। तेज सूचना एवं संचार प्रौद्योगि की (आई सी टी) उन्नयन और दरों में कमी की प्रवृत्तियों के साथ, नए नामिकायन समय पर किया जाने की आवश्यकता है ताकि उपयोग कर्ता विभाग को इसका लाभ मिल सके।
वर्ष 2020–21 के दौरान, पुराने नामिकायन के संदर्भ में, 276.43 करोड़ रु. के कार्य आदेश ((8.96 करोड़रु. (हेल्पडेस्क/कॉल सेंटर से संबंधित) 4.62 करोड़ रु. (जीआईएस और रिमोट सें सिंग परियोजनाओं से संबंधित) . 262.85 करोड़ रु. (वेबसाइट डेवलपमेंट से संबंधित)) ऐसे विक्रेताओं को जारी किए गए जिनका नामिकायन अवधि समाप्त हो चुका था।
</td>
<td>
ये नामिकायन हेल्पडेस्क/कॉलसेंटर, जीआईएस और रिमोट सें सिंग परियोजनाओं और वेबसाइट डेवलपमेंट के संबंध में किए गए। इन नामिकायन में देरी का उत्तर उपरक्रम. सं. 1 में लेखा परीक्षा राय के खिलाफ ई–गवर्नेंस कंसल्टेंसी सर्विसेज के नामिकायन के लिए दिया गया है।
हालांकि, समय–समय पर एनआईसीएसआई के निदेशक मंडल द्वारा विस्तार की अनुमति दी गई थी, क्योंकि नए नामिकायन की प्रक्रिया जारी थी। उक्त पैनल में वर्तमान जन बल सेवाओं की निरंतरता को बनाए रखने के लिए, जारी परियोजनाओं के लिए विस्तार किया गया है।
इन निविदाओं की वर्तमान स्थिति इस प्रकार हैः
1 आईसीटी इंफ्रास्ट्रक्चर सेवाओं और ई–गवर्नेंस एप्लीकेशंस के समर्थन हेतु डेल्प डेस्क/कॉलसेंटर की स्थापना और संचालन के लिए सेवा प्रदाताओं के नामिकायन को अंतिम रूप दे दिया गया हैऔर 11.03.2021 को नामिकायन पत्र जारी किया गया।
2. जीआईएस और रिमोट सेंसिंग परियोजनाओं के लिए तकनीकी संसाधनों का नामिकायन। (टीयर–2 और स्टार्ट–अप) को अंतिम रूप दे दिया गया है और 27.08.2021 को नामिकायन पत्र जारी किया जा चुका है।
3. सिस्टमस्टडी, डिजाइन, विकास, वेबसाइटों का कार्यान्वयन और रखरखाव, वेबपोर्टल, वेब इनेबल एप्लीकेशन और मोबाइल एप के लिए नामिकायन को क्रमशः13.04.2021 और 24.11.2021 कोस्टार्ट अप और टियर–1 के लिए अंतिम रूप दे दिया गया है। टियर–II और III के लिए नामिकायन प्रक्रिया धीन है।
उपरोक्त को ध्यान में रखते हुए, इस पैरा को हटाने का अनुरोध है।
</td>
</tr>
</table>

क्र. सं.	पारासं.	लेखापरीक्षाराय	एनआईसीएसआई का उत्तर
6	**वित्त वर्ष 2020–21 भाग– ।। एकापारा सं. 6**	एनआईसीएसआई शुद्ध एजेंट के रूप में विभिन्न मंत्रालयों/विभागों/संगठनों से प्रत्येक वर्ष बड़ी संख्या में नए कंप्यूटर और कंप्यूटर संचार परियोजनाओं को लागू करता है जिसके लिए एनआईसीएसआई समय–समय पर प्रशासनिक शुल्क लेता है। अभिलेखों की समीक्षा के दौरान यह पाया गया कि एनआईसीएसआई ने निम्नलिखित प्रस्तावों में अपने नकद भंडार का निवेश किया हैरू (क) राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र (एनआईसी) के राष्ट्रीय डेटा केंद्र (एनडीसी), भुवनेश्वर में अनुमानित 97.76 करोड़ रु. के परिव्यय के साथ सूचना और संचार प्रौद्योगिकी (आईसीटी) अव संरचना हेतु प्रस्ताव को नेशनल इंफॉर्मेटिक्स सेंटर सर्विसेज इंकॉर्पोरेटेड (एनआईसीएसआई) के निदेशक मंडल द्वारा 28.03.2017 को आयोजित बैठक में अनुमोदित किया था। 97.76 करोड़ रु. की लागत में 85.76 करोड़ रु. की पूंजीगत व्यय, संचालन व्यय के 9 करोड़ रु. और आकस्मिक खर्च के रूप में 3 करोड़ रु. भी शामिल हैं। व्यय पूरी तरह से एनआईसीएसआई के नकद भंडार से पूरे किए जाने थे। क्लाउड सेवाओं का उपयोग कर उत्पन्न राजस्व एनआईसीएसआई को मिला था। बोर्ड को 28.01.2020 को अपनी 112वीं बैठक में सूचित किया गया था कि एनआईसी एनडीसी भुवनेश्वर में बुनियादी ढांचा बनाने का कामक्लाउड पर सेवाएं देने की प्रवृत्ति को ध्यान में रखते हुए पूरा कर लिया गया है। क्लाउड का पहचा चरण, जिसमें 14 रैक हैं, पूरा कर लिया गया है, जो अधिक चपलता के साथ क्लाउड पर सेवाओं के प्रावधान के प्रस्ताव को सुविधाजनक बनाएगा और एनआईसी नेशनल क्लाउड सेवाओं के साथ भी एकीकृत होगा। इसके अलावा, एनडीसी भुवनेश्वर में शेष 34 रैक के लिए सॉफ्टवेयर परिभाषित क्लाउड आईसीटी इंफ्रास्ट्रक्चर के प्रावधान के प्रस्ताव को बोर्ड की 28.01.2020 को हुई 112 वीं बैठक में मंजूरी दी गई थी। परियोजना में शामिल कुल लागत लगभग 211 करोड़ रु. पूंजी के रूप में और जनबल के रूप में 17 करोड़ रु. आदि के रूप में (कुल 228 करोड़ रु.) होगी, पांच वर्ष और तीन चरण होंगे। 31.03.2021 तक, एनडीसी भुवनेश्वर में क्लाउड सेट अपके लिए एनआईसीएसआई ने 124.94 करोड़ रु. खर्च किए और एनडीसी भुवनेश्वर से एनआईसीएसआई को मार्च 2021 तककुल12.35 करोड़ रु. का राजस्व प्राप्त हुआ था। यह पाया गया कि एनआईसीएसआई के पास कोई अनुमोदित निवेध नीति नहीं थी। इसके अलावा, एनआईसीएसआई ने एनडीसी भुवनेश्वर में क्लाउड एनैबलमेंट के संबंध में आजतक एनआईसी के साथ कोई समझौता (एम ओयू) नहीं किया है।	एनआईसीएसआई रिजर्व की स्थिति की समीक्षा करीब 5–6 वर्ष पूर्व सरकार के स्तर पर की गई थी और यह महसूस किया गया था कि एनआईसीएसआई इसका उपयोग अपने उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए करेगी, इसके लिए एन आई सी विचार कर और प्रस्ताव दे सकती है। तदनुसार, इन दोनों प्रस्तावों को एनआईसी से वहां के सक्षम प्राधिकारी द्वारा अनुमोदन के बाद प्राप्त किया गया था और इसके निदेशक मंडल से अनुमोदन प्राप्त करने के बाद, एनआईसीएसआई ने इसे लागू किया था। हालांकि, इन परियोजनाओं में से एक यानि जिला अव संरचना का संवर्धन, निवेश पर आय के बिना था लेकिन चूंकि जिले पूरे देश को कवरिंग/संवर्धन सेवाएं प्रदान कर रहे हैं, एनआईसीएसआई ने, अपने आईटी अवसंरचना उन्नयन लक्ष्य के तहत खर्च किया। **उपरोक्त को ध्यान में रखते हुए, इस पैरा को हटाने का अनुरोध है।**

क्र. सं.	परासं.	लेखापरीक्षाराय	एनआईसीएसआई का उत्तर
		इस संबंध में एमईआईटीवाई का अनुमोदन भी अभिलेखों में उपलब्ध नहीं था। एनआईसीएसआई कैश रिजर्व के उपयोग के प्रस्ताव को बोर्ड द्वारा शुरू में बोर्ड द्वारा गठित उप–समिति की सिफारिश के आधार पर अनुमोदित किया गया था। उप–समिति को इस मामले की जांच करने के लिए कहा गया था कि क्या संशोधित स्थायी वित्त समिति (एसएफसी) को एनआईसी और एनआईसीएसआई के बीच केंद्र में आईसीटी इंफ्रास्ट्रक्चर प्रदान करने की सुविधा साझा करने की आवश्यकता है, यदि इस संबंध में खर्च एनआईसीएसआई कैश रिजर्व से पूरा किया जाता है। हालांकि, उप–समिति की बैठक के कार्यवृत्त में इस मुद्दे पर कुछ नहीं कहा गया। इस प्रकार, एनआईसीएसआई ने एनआईसीएसआई एवं एनआईसी के बीच किसी समझौता ज्ञापन के बिना और अपने मंत्रालय यानि एमईआईटीवाई के अनुमोदन के बिना, राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र, भुवनेश्वर के राष्ट्रीय डेटा केंद्र, में क्लाउड सक्षमता के लिए आईसीटी इंफ्रास्ट्रक्चर को निधि देना जारी रखेगा। (ख) निदेशक मंडल ने 28.03.2017 को अपनी 100 वीं बैठक मेंडिस्ट्रिक्ट 2.0 'डिजिटल इंडिया पहल को पूरा करने के लिए जिला अव संरचना में विस्तार' के चरण। के लिए एनआईसीएसआई के नकद भंडार से 99 करोड़ रु. का वित्त पोषण, बिना निवेश पर आय के, करने की अनुमति देदी। 31.03.2021 तक, 85.20 करोड़ रु. का व्यय किया जा चुका था और बहीखाते में 13.80 करोड़ रु. आकस्मिक देनदारी के रूप में दिखाई गई। उपलब्ध अभिलेखों के आधार पर, इस संबंध में एमईआईटीवाई से स्वीकृति ली गई थी। बिना निवेश पर आय के किसी परियोजना के वित्त पोषण के औचित्य के बारे में पूछा गया लेकिन प्रबंधन से अभी तक उत्तर की प्रतीक्षा है।	

क्र. सं.	पारासं.	लेखापरीक्षाराय	एनआईसीएसआई का उत्तर
7	**वित्त वर्ष 2020–21 भाग–।। एकापारा सं. 7**	सामाजिकन्याय एवं अधिकारिता निदेशालय (डी ओ एस जेई), जयपुर के चार निदेशालयों (डी ओ एस जेई, दिव्यांग विभाग, बाल अधिकार विभाग और एस सीडी सी विभाग) की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए एक परियोजना प्रबंधन इकाई (पीएमयू)– प्रबंधन का गठन किया गया था। निदेशालयनेजूनध जुलाई 2020 के माह में परियोजना शुरु करने के लिए एनआईसीएसआई को 28.05.2020 को एक परियोजना निष्पादन प्रपत्र दिया था और प्रासंगिक विवरण एवं विनिर्देशों के साथ मेसर्स अर्न्स्टएंडयंग द्वारा रखे जाने वाले कर्मचारियों की आवश्यकता बताई थी। अभिलेखों की जांच के दौरान यह पाया गया कि नेशनल इंफॉर्मेटिक्स सेंटर सर्विसेस इंकॉर्पोरेटेड (एनआईसीएसआई) ने 13.07.2020 को मेसर्स अर्न्स्टएंडयंग को 10.76 करोड़ रु. का कार्य आदेश जारी किया। डीओएसजे ई जयपुर (जनवरी 2021) ने एनआईसीएसआई को सूचित किया कि मेसर्स अर्न्स्टएंडयंग ने कार्य आदेश के तहत आवश्यक पूरी टीम को जुलाई 2020 से काम पर नहीं रखा और इसकी बजाए 12.10.2020 से टीम को काम पर लगाया यानि10 सप्ताह की देरी से। इसके अलावा, डीओएस जेई, जयपुर ने एनआईसीएसआई को बताया कि मेसर्स अर्न्स्टएंडयंग द्वारा दी जाने वाली सेवाएं संतोषजनक न होने कारण 01.01.2021 से मेसर्सअर्न्स्टएंडयंग की सेवाओं को समाप्त किया जा रहा है। डीओएस जेई, जयपुर (अगस्त 2021) ने दिनांक 11.01.2021 और 01.02.2021 को लिखे ईमेल के माध्यम से एनआईसीएसआई के जरिए मेसर्स ईएंडवाई के इस प्रस्ताव को अस्वीकार कर दिया कि परियोजना समापन की अवधि 01.10.2020 से किए जाने पर विचार किया जाए और एनआईसीएसआई से अनुरोध किया कि वह बतौर अग्रिम भुगतान की गई 2.88 करोड़ रु. की राशि को वापस कर दे।	संक्षेप में मामले का विवरण इस प्रकार हैः • एसजेईडी, जयपुर ने विभिन्न अवधियों के लिए विभन्न पदों पर कर्मचारी प्रदान करने हेतु एनआईसीएसआई को एक प्रस्ताव भेजा था। • एनआईसीएसआई ने उपरोक्त के लिए 19.05.2020 को 11.51करोड़ रु. के लिए प्रोफॉर्माचालान (पीआई) जारी किया था। • एसजेईडी ने एनआईसीएसआई को दिनांक 28.05.2020 को पीईएफ भेजा था, इस तिथि के अग्रेषण पत्र के साथ। • दिनांक 09.06.2020को, एसजेईडी ने एनआईसीएसआई को 2,58,64,523 / – रु. हस्तांतरित किए थे। • एनआईसीएसआई ने दिनांक 13.07.2020 को मेसर्स ईएंडवाई को 10.76 करोड़ रु. के लिए कार्य आदेश जारी किया था, इसमें एनआईसीएसआई का संचालन लाभ शामिल नहीं था। ईएंडवाई ने एसजेईडी में, दिनांक 29.06.2020 से 07.09.2020 के बीच अलग–अलग तिथियों पर कर्मचारियों को रखना शुरुकर दिया था। • एसजेईडी, ने दिनांक 27.08.2020 और दिनांक 7.09.2020 को लिखे ईमेल के माध्यम से एनआईसीएसआई को सूचित किया कि तब तक विभिन्न पदों पर कर्मचारियों की नियुक्ति नहीं की गई थी। एसजेईडी ने दिनांक 17.09.2020 को लिखेपत्र के माध्यम से, एनआईसीएसआई को अपने उक्त 2 ईमेल के बारे में सूचित किया और एनआईसीएसआई से अनुरोध किया वह एसजेईडी / कोष उपयोग के लिए यूसी / उपलब्ध शेष राशि / कोष उपयोग के विरुद्ध बनाए गए चालान / एनआईसीएसआई द्वारा विप्रो और ईएमंडवाई के साथ परियोजना के तहत किए गए अनुबंध या समझौता ज्ञापन की प्रतिलिपि / जुर्माने की शर्त के बारे में बताए। • ऐसा लगता है कि एनआईसीएसआई द्वारा एसजेईडी को उपरोक्त पर कोई उत्तर दिया नहीं गया है, सिवाए दिनांक 07.10.2020 तक आंशिक निपटान के खाता विवरण के, जिसमें उपयोग की गई राशि "0" और 2,58,64,523 / –रु. की कुल राशि एनआईसीएसआई के पास उपलब्ध दिख रही है। • एसजेईडी ने दिनांक 01.01.2021 को लिखे पत्र के माध्यम से एनआईसीएसआई को सूचित किया कि ईएंडवाई द्वारा दी जा रही सेवाएं संतोषजनक नहीं थी औ रइसलिए 01.01.2021 से उनकी सेवाएं समाप्त की जार ही हैं।

क्र. सं.	पारासं.	लेखापरीक्षाराय	एनआईसीएसआई का उत्तर
		हालांकि, लेखा परीक्षा में मेसर्सईएंडवाई के खिलाफ एनआईसीएसआई द्वार की गई कोई भी कार्रवाई नहीं पाई और न ही डीओएस जेई द्वार मांगी गई राशि को वापस ही किया गया। इस बारे में एनआईसीएसआई द्वारा कोई उत्तर नहीं दिया गया था।	• एसजेईडी ने दिनांक 05.01.2021 को लिखे पत्र के माध्यम से एनआईसीएसआई को सूचित किया कि ईएंडवाई को जुलाई, 2020 से कर्मचारियों को नियुक्त करना था लेकिन 10 सप्ताह बीत जाने के बाद भी यानि 12.10.2020 तक कर्मचारियों की नियुक्ति का कार्य पूरा नहीं हुई और इसलिए, कार्य आदेश के खंडसं. (सी)2के अनुसार, एनआईसीएसआई एस जेईडी को सूचित करते हुए ईएंडवाई पर "जुर्माना"लगाने संबंधी आवश्यक कार्रवाई कर सकती है। • ईएंडवाई, दिनांक 11.01.2021 को लिखे पत्र के माध्यम से, परियोजना में उनकी सेवाओं को समाप्त करने के लिए एनआईसीएसआई को बयान संलग्न किया। • एनआईसीएसआई ने दिनांक 11.01.2021 के ईमेल द्वारा एसजेईडी को कथित ईएंडवाई के पत्र को अग्रेषित किया था। • एसजेईडी ने दिनांक 15.01.2021 को लिखे ईमेल द्वारा, एनआईसीएसआई सेसंलग्न 'बयान' पर और साथ ही दिनांक 27.08.2020 / 07.09.2020 / 17.09.2020 / 29.09.2020 / 01.01.2021 / 05.01.2021 को लिखे उनके पत्रों / ईमेल पर भी टिप्पणी / विचार / इनपुट प्रदान करने का अनुरोध किया। एनआईसीएसआई ने दिनांक 01.02.2021 को लिखे ईमेल के माध्यम से एसजेईडी को सूचित किया कि ईएंडवाई के बयान के अनुसार, परियोजना आरंभ होने की तिथि 01.10.2020 से प्रभावी मानी जा सकती है और तदनुसार जुर्माने खंड पर विचारा किया जा सकता है। एनआईसीएसआई ने एस जेईडी से इसे स्वीकार करने और दिनांक 01.01.2021 और 05.01.2021 को जारी अपने नोटिस को वापस लेने का अनुरोध किया, इस आश्वासन के साथ किई एंडवाईकार्य आदेश के अनुसार अपने सभी दायित्वों को पूरा करेगा। • एसजेईडी ने दिनांक 17.08.2021 को लिखे पत्र के माध्यम से, एनआईसीएसआई से अनुरोध किया था कि वह कथित 2,87,92,583 / —रु. की संपूर्ण धनराशि को, कार्य आदेश में उक्तखंड सं. (सी)2के अनुसार मेसर्स ईएंडवाई से प्राप्त जुर्माना राशि के साथ, वापस कर दे। उपरोक्त के लिए, एनआईसीएसआई में दिनांक 21.03.2022 को जारी कार्यालय ज्ञापन (प्रतिलिपिसंलग्न) के माध्यम से, मामले पर विचार करने और अपनी अनुशंसा देने के लिए, एक समिति का गठन किया गया था। समिति की प्रक्रिया जारी है। जैसे ही समिति से अनुशंसाएं प्राप्त होंगी, और मामला सुलझा लिया जाएगा, लेखा परीक्षा कार्यालय को इसकी तत्काल सूचना दी जाएगी। उपरोक्त को ध्यान में रखते हुए, इस पैरा को हटाने का अनुरोध है।

क्र. सं.	पारासं.	लेखापरीक्षाराय	एनआईसीएसआई का उत्तर
8	**वित्त वर्ष 2020–21 भाग–।। एकापारा सं. 8**	एनआईसीएसआई ने निविदा को अंतिम रूप दिए जाने के बाद 13.02.2020 को, कार्यालय समर्थन सेवा (श्रेणी–1) और परियोजना प्रबंधन सहयोग एवं रोलऑउट सेवा (श्रेणी–2), एजेंसियों का नामिकायन किया था। आरंभ में यह नामिकायन अनुबंध तिथि से तीन वर्षों के लिए वैधथा और इशके बाद दो वर्ष का वार्षिक विस्तार किया गया था। दोनों ही श्रेणियों में, दस एजेंसियों को पैनल में रखा गया था जिनमें से चार सूक्ष्म और लघुउद्यम (एमएसएमई) और प्रत्येक में एक स्टार्ट अप एजेंसी थी। (क) निविदा अभिलेखों और उसे अंतिम रूप देने की प्रक्रिया की समीक्षा के दौरान, पाया गया किः– (i) निविदा अभिलेख में नियोजित किए जाने वाले कर्मचारियों की अनुमानित संख्या और कार्य के अनुमानित लागत का उल्लेख नहीं किया गया था। उल्लेखनीय है कि कंपनी इस निविदा के जरिए सैंकड़ों करोड़ रुपयों के कर्मचारियों को काम पररख रही है। (ii) कार्यालय सहयोग सेवा के तहत श्रेणी–1 में, संसाधन श्रेणी मल्टी टास्किंगसपोर्ट, कार्यालय सहायक सहयोग और लेखांकन सहयोग की है, जो प्रकृति में पूर्ण रूप से गैरदृ तकनीकी हैं और कंपनी के उद्देश्यों से मेल नहीं खाते। (iii) सफल निविदाकर्ताओं के बीच निविदा मात्रा आवंटित करने के मानदंड को निविदा अभिलेख में ही स्पष्ट किया जाना चाहिए। हालांकि, इस संबंध में निविदा अभिलेख में कुछ भी नहीं है। (iv) दोनों ही श्रेणियों में, विक्रेताओं द्वारा उद्धृत लाभ में बहुत अधिक भिन्नता है, यह 30% सेलेकर 90% तककी है (एक मामले को छोड़कर जिसमें भिन्नता 20.80% की है– मेसर्स अकाल इंफॉर्मेशन सर्विसेज लिमिटेड और मेसर्सएसआईएसएल इंफोटेक प्राइवेट लिमिटेड के संबंध में)। इस प्रकार, एल 1 निविदा के मिलान हेतु एल 1 के अलावा अन्य निविदाकर्ताओं को काउंटर ऑफर देना, बड़ी भिन्नता के बावजूद, (20% से अधिक की भिन्नता होना) उचित नहीं है। (ख) सामान्य वित्तीय नियम (जीएफआर), 2017 के नियम 153 के अनुसार, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) नेसूक्ष्म, लघु औ रमध्यम उद्यम विकास अधिनियम, 2006 की धारा 11 के तहत खरीद नीति अधिसूचित की है। सूक्ष्म और लघु उद्यम (एमएसई) आदेश, 2018 के लिए सार्वजनिक खरीद नीति के अनुसार, प्रत्येक केंद्रीय मंत्रालय/विभाग/पीएसयू को एमएसई सेक्टर से 25% खरीद का वार्षिक लक्ष्य निर्धारित करना होगा।	पिछली कार्य प्रणालियों के अनुसार एनआईसीएसआई प्रत्येक निविदा के तहत नियुक्त किए जाने वाले कर्मचारियों की संख्या और उनकी अनुमानित लागत का अनुमान नहीं लगा रही है। हालांकि, लेखा परीक्षक की सलाह के अनुसार, एनआईसीएसआई ने निविदा में प्रदान की जाने वाली सेवाओं की अनुमानित मात्रा और उसकी अनुमानित लागत का उल्लेख करना आरंभ करदिया है। एनआईसीएसआई एक आईटी प्रदाता कंपनी है, हालांकि, प्रत्येक आईटी परियोजना में, चाहे वह किसी भी क्षेत्र का हो, संपूर्ण गतिविधि केवल तकनीकी कर्मचारियों द्वारा ही नहीं की जा सकती और गतिविधि को करने में, गैर–तकनीकी सहयोग का तत्व हमेशा शामिल होता है। एनआईसीएसआई, परियोजनाओं में समय–समय पर उपयोगकर्ताओं की आवश्यकता के अनुसार, तकनीकी और गै–तकनीकी, दोनों ही प्रकार के कर्मचारी उपलब्ध करवाती है। एनआईसीएसआई के संविधान में कहीं भी इस बात का उल्लेख नहीं किया गया है कि यह किसी भी आई टी संबंधी परियोजना में गैर–तकनीकी सहायता प्रदान नहीं कर सकती है। एनआईसीएसआई के पास दिनांक 15.09.2020 का अपना एसओपी और दिनांक 2.12.2020 का अपना कार्यालय आदेश है, जिसके अनुसार, कर्मचारी प्रदान करनेवाली सेवाएं पैनल में शामिल एजेंसियों के बीच वितरित की जानी है। हालांकि, प्रत्येक परियोजना में, यह उपयोग कर्ता पर निर्भर करता है कि वह पीई एफ के माध्यम से एनआईसीएसआई को सूचित करे कि वह किस एजेंसी, उस के द्वारा नामिक कुल एजेंसियों में से, के माध्यम से आदेश दिया जाना है,जिसका विवरण प्रत्येक बार एनआईसीएसआई द्वारा उपयोगकर्ता को पीआई के जरिए दिया जाता है। इसके अलावा, जैसा कि इस रिपोर्ट के पैरा सं.10 के उत्तर में बताया गया है, निदेशक मंडल ने 26.03.2022 को आयोजित अपनी 121 वीं बैठक में 'परियोजना मोड' में गतिविधियों के लिए एसओपी के प्रावधानों और गतिविधियों के लिए कार्यालय आदेश का 'जनबलमोड' में पालन किए जाने को मंजूरी दी थी। अब एनआईसीएसआई इसी अनुसार काम कर रही है। आरएफपी अभिलेख कामसौदा और उसे अंतिम रूप देने का काम आर एफपी समिति करती है। निविदा अभिलेख ड़ालने के बाद, इस समिति द्वारा निविदा–पूर्व बैठक भी की जाती है और वहां पूछे जाने वाले प्रश्नों के अनुसार, समिति निविदा अभिलेखों पर विचार करती है, अनुशंसाएं देती है और संशोधन जारी करती हैएवं तदनुसार एनआईसीएसआई, समय– समय पर शुद्धि पत्र जारी करती है। लाभ के लिए प्रासंगिक प्रावधानों का ध्यान भी आरएफपी समिति द्वारा रखा जाता है। हालांकि, लेखा परीक्षा परामर्श के अनुसार, लाभ से संबंधित बिन्दु को नोट कर लिया गया है और भविष्य में जारी की जाने वाली निविदाओं में इसका ध्यान रखा जाएगा। लेखा परीक्षा मुद्दे की जांच की गई है और यह उल्लेख किया जाता है कि भविष्य में एनआईसीएसआई द्वारा जारी किए

क्र. सं.	परासं.	लेखापरीक्षाराय	एनआईसीएसआई का उत्तर
		इस निविदा के संबंध में दिए गए कार्य आदेश (2020–21) की समीक्षा के दौरान, हालांकि एनआईसीएसआई ने कुल 10 एजेंसियों में से 4 एमएसई (40% होने के नाते) को सूची में शामिल किया है, हालांकि, वर्ष 2020–21 के दौरान 4443.27करोड़ रु. के जारी किए गए कुल कार्य आदेश में से एमएसईको मात्र 46.32 करोड़ रु. का कार्य आदेश ही दिया गया जो कुल कार्य आदेश का मात्र 10.44 प्रतिशत है। इस प्रकार, यह सूक्ष्म और लघु उद्यम (एमएसई) आदेश, 2018 के लिए सामान्य वित्तीय नियमों और सार्वजनिक खरीद नीति का उल्लंघन है। **प्रबंधन द्वारा कोई उत्तर नहीं दिया गया है।**	जानेवाले पी आई (प्रोफॉर्माइनवायस) में प्रत्येक एजेंसी के खिलाफ इस का उल्लेख किया जाएगा चाहे वह एमएसएमईसे हो या किसी अन्य श्रेणी से। हालांकि, एनआईसीएसआई द्वारा किसी भी एजेंसी को आदेश देना उपयोगकर्ता पर निर्भर करता है कि वह उस एजेंसी के नाम की सूचना दे जिसे आदेश दिया जाना है, एसओपी / कार्यालय आदेश के अनुसार। इस प्रकार. किसी भी परियोजना में कार्य आदेश जारी करने हेतु एजेंसी के चयन में एनआईसीएसआई की कोई भूमिका नहीं है। **उपरोक्त को ध्यान में रखते हुए, इस पैरा को हटाने का अनुरोध है।**
9	**वित्त वर्ष 2020–21 भाग–II एकापारा सं. 9**	एनआईसीएसआई हार्डवेयर, सिस्टम सॉफ्टवेयर, एप्लीकेशन सॉफ्टवेयर, सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट, कस्टमाइज्ड सॉफ्टवेयर, इंट्रा–नेटवर्किंग, वाइडएरिया नेटवर्किंग, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग, इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी ट्रेनिंग, इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी कंसल्टेंसी और इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी इंप्लीमेंटेशनस पोर्ट आदि की खरीद करती है और इसे केंद्र सरकार, राज्य सरकार और सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों आदि को उपलब्ध करवाती है। परामर्श एवं अन्य सेवाओं की खरीद पर नियमावली, 2017 के अनुसार, खरीद प्राधिकरणों के दायित्वों को सार्वजनिक खरीद के निम्नलिखित पांच मूलभूत सिद्धांतों में बांटा जा सकता है जिनका सभी खरीद प्राधिकरणों को पालन करना चाहिए और इसके लिए जवाब देह होना चाहिए: i. पारदर्शिता सिद्धांत; ii. व्यावसायिकता सिद्धांत; iii. व्यापकदायित्व सिद्धांत; iv. बाहरी कानूनी सिद्धांत और v. सार्वजनिक जवाबदेही सिद्धांत। इसके अलावा, नियमावली के अनुसार, परामर्श और अन्य सेवाऔँ की खरीद के दौरान निम्नलिखित अतिरिक्त सिद्धांतों पर विचार किया जाएगा:– i. खरीदी जाने वाली सेवाएं न्यायोचित होनी चाहिए। ii. परामर्शी सेवाओं के मामले में, कार्यकासु–परिभाषित दायता / संदर्भ शर्त (टीओआर–सेवाकाविवरण) और समय सीमा, जिसके लिए सेवाऔँ का लाभ लिया जाना है, खरीद निकाय के कुल उद्देश्यों के अनुरूप निर्धारित किया जाना चाहिए। अन्य (गैर–परामर्श सेवाऔँ) गतिविधि सूचीप = (कार्य कासु–परिभाषित दायरा / सेवाओं के विवरण और जिसके लिए सेवाएं ली जार ही हैं उसकी समय– सीमा को बताने वाला अभिलेख) खरीद निकाय के उद्देश्यों के अनुरूपहोना चाहिए; iii. सभी योग्य सेवा प्रदाता / सलाहकारों को प्रतिस्पर्धा का समान अवसर मिलना सुनिश्चित किया जाए, iv. कार्य किफायती और कुशल होना चाहिए।	लेखा परीक्षा टिप्पणी है (i) एनआईसीएसआई के पास कोई अनुमोदित खरीद नियमावली नहीं है, जिसमें खरीद हेतु अपनाई जाने वाली विस्तृत प्रक्रिया दी गई हो, जो ऐसे संगठन के लिए एक अनिवार्यता है और (ii)वित्त वर्ष 2020–21 के दौरान, एनआईसीएसआई ने अपने पैनल में शामिल 47 एजेंसियों को करीब 843.94 करोड़ रु. के कार्य आदेश जारी किए, जिनमें से करीब 50% कार्य आदेश केवल 4 एजेंसियों को ही दे दिया गया। उपरोक्त के संबंध में, स्थिति इस प्रकार है: I. एनआईसीएसआई में 5–6 वर्ष पूर्व खरीद नियमावली काम सौदा तैयार किया गया था लेकिन उसे न तो अंतिम रूप दिया जा सका८ न अपनाया जा सका। लेखापरीक्षा की राय को नोट कर लिया गया है और एनआईसीएसआई में स्वंय की खरीद नियमावली के प्रस्ताव पर पुनःविचार किया जाएगा और तदनुसार एफएंडसी लेखापरीक्षा कार्यालय को स्थिति की जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी। II. वित्त वर्ष 2020–21 के दौरान, एनआईसीएसआई ने अपनी सूची में शामिल एजेंसियों को कर्मचारियों को नियुक्त एवं कार्य आदेश पूर्ण करने का काम सौंपा, दिनांक 26.04. 2016 और 15.09.2020 के अपने एसओपी में दिए गए प्रावधानों के अनुसार (प्रतिलिपिसंलग्न), जिसके अनुसार उपयोगकर्ता संगठन ने परियोजना निष्पादन प्रपत्र (पीईएफ) के माध्यम से एनआईसीएसआई को अपने "पसंदीदा विक्रेता" के बारे में सूचित किया, प्रतिलिपि संलग्न है। हालांकि, एनआईसीएसआई ने अपने पैनल में शामिल सभी एजेंसियों के बीच व्यापार के बेतर वितरण को सुनिश्चित करने के लिए "विक्रेता विकास कार्यक्रम" का आयोजन किया है। **उपरोक्त को ध्यान में रखते हुए, इस पैरा को हटाने का अनुरोध है।**

क्र. सं.	परासं.	लेखापरीक्षाराय	एनआईसीएसआई का उत्तर
		v. चयन प्रक्रिया में पारदर्शिता और अखंडता(यानि उच्चतम नैतिकमान कों के अनुसार प्रस्तावित, सम्मानित, प्रशासित और निष्पादित)। vi. इसके अलावा, परामर्श सेवाओं की खरीद में, परामर्शदाताओं की गुणवत्ता उच्च होनी चाहिए, वर्ष 2020–21 से संबंधित अभिलेखों की जांच के दौरान, यह पाया गया कि एनआईसीएसआई ने विभिन्न सरकारी विभागों और पीएसयू के लिए वस्तुओं एवं सेवाओं की खरीद हेतु अपनी नामिकायित एंजेंसियों को 1897.16 करोड़ रु. का कार्य आदेश जारी किया, हालांकि कंपनी के पास अनुमोदित खरीद नियमावली नहीं है। खरीद नियमावली, एक ऐसी नियमावली होती है जिसमें खरीद हेतु अपनाई जाने वाली विस्तृत प्रक्रिया का विवरण दिया गया होता है, एनआईसीएसआई जैसे संगठन के लिए एक अनिवार्यता है। प्रबंध ने उत्तर में कहा कि एनआईसीएसआई में लगभग 5–6 वर्ष पूर्व खरीद नियमावली काम सौदा तैयार किया गया था लेकिन उसे अंतिम मंजूरी नहीं मिली थी/ न उसे अपनाया गया। लेखा परीक्षा जांच में पाया गया है कि एनआईसीएसआई में स्वयं की खरीद नियमावली के प्रस्ताव पर पुनर्विचार किया जाएगा और तदनुसार स्थिति सूचित की जाएगी। सीवीसी के दिशा–निर्देशों के अनुसार, कार्य आवंटन की प्रणाली निष्पक्ष, पारदर्शी और न्यायसंगत होनी चाहिए हालांकि, केवल इन चारविक्रेताओं से विषम खरीद के मामले को देखते हुए, इक्विटी, निष्पक्षता और पारदर्शिता सुनिश्चित नहीं की जा सकती है। वर्ष 2020–21 के दौरान 1897.16 करोड़ रु. के कुल कार्य आदेशों में से 843.94 करोड़ रु. (44.48%) के कार्य आदेश कर्मचारियों की नियुक्ति के संबंध में जारी किए गए थे। वर्ष 2020–21 के दौरान एनआईसीएसआई द्वारा 47 नामिकायित एजेंसियों को, कर्मचारियों की नियुक्त करने के लिए कार्य आदेश जारी किए गए थे। हालांकि, चार विक्रेता यानि अकाल इंफॉर्मेशन सिस्टम्स लिमिटेड (12. 78%), एसआईएसएल इंफोटेक प्राइवेट लिमिटेड (9.04%), वेलोसिससि स्टम्स प्राइवेट लिमिटेड (17.03%) और विप्रो लिमिटेड (10.5%) को वर्ष 2020–21 के दौरान करीब 50% कार्य आदेश दिए गए। चूंकि सभी एजेंसियों को एक ही दर पर पैनल में शामिल किया गया था, इन चार विक्रेताओं को अधिकांश काम दिए जाने संबंधी औचित्य अभिलेखों में उपलब्ध नहीं था। प्रबंधन ने उत्तर में कहा कि अपनी स्थायी संचालन प्रक्रिया के प्रावधानों के अनुसार, उपयोगकर्ता संगठन ने परियजोना निष्पादन प्रपत्र के माध्यम से एनआईसीएसआई को अपने "पसंदीदा विक्रेता" के बारे में सूचित किया था।	

क्र. सं.	पारासं.	लेखापरीक्षाराय	एनआईसीएसआई का उत्तर
10	**वित्त वर्ष 2020–21 भाग–।। एकापारा सं.10**	एनआईसीएसआई की" मानक संचालन प्रक्रिया" दिनांक 15.09.2020 जो "विक्रेताओं के नामिकायन और उन्हें कार्य दिए जाना" से संबंधित है, के अनुसार, यदि एक से अधिक विक्रेता पैनल में हैं तो उपयोगकर्ता विभाग से अनुरोध प्राप्त होने पर कार्य का आवंटननिर्धारित किया जाएगा। यदि उपयोगकर्ता विभाग किसी विशेष एजेंसी का नाम नहीं बताता तो ग्राहक विभाग द्वारा बनाई गई समिति की अनुशंसाओं के आधार प रकाम दिया जाएगा। समिति की अध्यक्षता उपयोगकर्ता विभाग द्वारा नामित और उससे संबंधित अध्यक्ष द्वारा की जाएगी, समिति में एनआईसीएसआई के एक प्रतिनिधि भी होंगे। लेखापरीक्षा के दौरान पाया गया कि उपरोक्त अनुमोदित "मानक संचालन प्रक्रिया" के विपरीत दिनांक 02.12.2020 को जारी कार्यालय आदेश के माध्यम से, खरीद आदेश देने के दौरान एल1 निविदाकर्ताओं को तरजीह देने और मसौदा निविदा/निविदा अभिलेख में उस खंड में शामिल करने का निर्णय किया गया। **लेखापरीक्षक द्वारा इस मुद्दे को उठाए जाने पर प्रबंधन द्वारा को ईउत्तर नहीं दिया गया।**	एनआईसीएसआई के निदेशक मंडल ने, 26.03.2022 को आयोजित अपनी 121वीं बैठ कमें, विचार विमर्श किया और इस बात की मंजूरी दी कि दिनांक 15.09.2020 के एसओपी के प्रावधानों को गति विधियों पर 'परियोजना मोड' में और दिनांक 02.12.2020 के कार्यालय आदेश को गतिविधियों में 'जनबलमोड 'में लागू किया जाएगा। एजेंडा और बैठक के कार्यवृत्त के प्रासंगिक उद्धरण संलग्न हैं। **उपरोक्त को ध्यान में रखते हुए, इस पैरा को हटाने का अनुरोध है।**
11	**वित्त वर्ष 2020–21 भाग–।। एकापारा सं.11**	नेशनल इंफॉर्मेटिक्स सेंटर सर्विसेस इंकॉर्पोरेटेड (एनआईसीएसआई) ने 01.07.2017 से ईआरपी–अकाउंटिंग सॉफ्टवेयर लागू किया और वर्ष 2017–18 से एनआईसीएसआई का बहीखाता ईआरपी में बनाया जा रहा है। ईआरपी सॉफ्टवेयर के डेवलपमेंट या कार्यान्वयन में लेखापरीक्षा के दौरान निम्नलिखित कमियां/खामियां पाई गईं (i) एनआईसीएसआई ने कार्यान्वयन के 4 वर्षों से अधिक समय बीत जाने के बावजूद आजतक (जनवरी 2022) किसी बाहरी स्वतंत्र एजेंसी सेसिस्टम ऑडिट के माध्यम से ईआरपी का सत्यापन नहीं कराया। अपने उत्तर में प्रबंधन ने तथ्य को स्वीकार किया है और कहा है कि एनआईसीएसआई ने कार्य के दायरे को अंतिम रूप दे दिया है और अनिवार्य आंतरिक अनुमोदनों को प्राप्त करने के बाद, वह इसे जल्द ही जीईएम पोर्टल पर डालने की प्रक्रिया में है। संभावना है कि एल 1 आधार पर कार्य आवंटन के बाद करीब आगामी तीन माह में सत्यापन का कार्य पूरा कर लिया जाएगा। (ii) एनआईसीएसआई के ईआरपी सॉफ्टवेयर के माध्यम से देनदारों, लेनदारों, आपूर्तिकर्ताओं से अग्रिम और सहायता अनुदान का आयुवार विवरण नहीं तैयार हो पाता है। प्रबंधन ने अपने उत्तर में इस तथ्य को स्वीकार किया है कि चूंकि आंकड़े एनआईसीएसआई की स्थापना वर्ष 1995 से संबंधित है, विवरण को टैली पैकेज से भी बुक किए जाने की आवश्यकता है जिसमें पहले बही खाता तैयार किया गया था।	बिन्दुवार उत्तर इस प्रकार हैः (i) एनआईसीएसआई ने 01.07.2017 से बही खातों और अन्य संबंधित फील्ड्स के लिए ईआरपी सॉफ्टवेयर परपूर्ण रूप से काम करना शुरु कर दिया था। वित्त वर्ष 2017–18 की लेखापरीक्षा के दौरान, यह पाया गया कि लेखांकन सॉफ्टवेयर का किसी भी तीसरी एजेंसी से सत्यापन नहीं करवाया गया था। तदनुसार एनआईसीएसआई ने एनआईसीएसआई के लेखांकन सॉफ्टवेयर के सत्यापन हेतु एसटीक्यूसी निदेशालय के समक्ष मामले को उठाया। मामले पर कुछ चर्चाएं और पत्राचा रहुए लेकिन किन्हीं कारणों से एवं वर्ष 2020 से कोरोना महामारी के कारण, प्रस्ताव को अंतिम रूप नहीं दिया जा सका। इसके बाद, एनआईसीएसआई ने अपनी नामिकायित एजेंसियों से इसके लिए निविदा आंत्रित की और एल–1 एजेंसी का चयन किया लेकिन एनआईसीएसआई के निदेशक मंडल ने, 26.11.2021 को आयोजित अपनी 120वीं बैठक में इसके लिए एनआईसीएसआई को खुली निविदा चालू करने का निर्देश दिया था। एनआईसीएसआई ने अब "कार्य का दायरा' को अंतिम रूप दे दिया है और आवश्यक आंतरिक अनुमोदन प्राप्त करने के बाद, यह जल्द ही इसे जीई एम (GeM) के पोर्टल पर डाल देगी। संभावना है कि एल1आधार पर कार्य आवंटन के बाद करीब आगामी तीन माह में सत्यापन का कार्य पूरा कर लिया जाएगा। (ii) देनदारों, लेनदारों, आपूर्ति कर्ताओं से अग्रिम और सहायता अनुदान का आंकड़ा ईआरपी में उपलब्ध है और साथ ही, विवरण, जैसा और जब आवश्यक हो, ईआरपी से ही निकाला जा सकता है। हालांकि, कुछ अवसरों पर, चूंकि आंकड़े एनआईसीएसआई के स्थापना वर्ष 1995 से संबंधित हैं, विवरण को टैली पैकेज से भी बुक किए जाने की आवश्यकता है जिसमें पहले बहीखाता तैयार किया गया था, आख्यान आदि देखने के लिए।

क्र. सं.	पारासं.	लेखापरीक्षाराय	एनआईसीएसआई का उत्तर
